हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक   www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -03 ● अंक - 81 ● रविवार 05 मई 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## कांग्रेस की एक और प्रत्याशी ने डाल दिए हथियार

● फंड की कमी बताकर लौटाया टिकट, संबित पात्रा का रास्ता आसान



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** गुजरात की सूरत और मध्य प्रदेश की इंदौर सीट के बाद कांग्रेस को एक और करारा झटका लगा है। पुरी सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी सुचारिता मोहंती ने फंड की कमी का हवाला देकर चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस से अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। बता दें कि ओडिशा की पुरी सीट हॉटसीट में से एक है। यहां भाजपा के दिग्गज नेता संबित पात्रा मैदान में हैं। बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद संबित पात्रा के लिए रास्ता आसान हो गया है। बता दें कि इससे पहले सूरत सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे नीलेश कुम्भणी का नामांकन ही रद्द हो गया था। इसके अलावा अन्य प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस तरह भाजपा के मुकेश कुमार चुनाव होने से पहले ही निर्विरोध जीत गए। वहीं इंदौर लोकसभा सीट का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। यहां से कांग्रेस ने अक्षय बम को उम्मीदवार बनाया था।

## लालू यादव का पूरा परिवार बिहार को लूटने में लगा है

● तेजस्वी के हिन्दू वाले बयान पर भड़की भाजपा



**पटना (एजेंसी)।** तेजस्वी यादव के हिंदू धर्म वाले बयान पर एनडीए नेताओं ने निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव कोई महान विद्वान नहीं हैं, जिनकी बात हम मानें और समझें। वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी भारत को श्रेष्ठ बनाने में लगे हैं। तो वहीं लालू यादव का पूरा परिवार बिहार और देश को लूटने में लगा है। चिराग पासवान ने कहा कि अगर देश में 81 करोड़ लोगों को अनाज दिया जा रहा है उसमें कहीं भी ये नहीं देखा जा रहा है कि ये अनाज हिंदू को बांटा जा रहा है या मुसलमान को दिया जा रहा है।

## पहले रायबरेली जीत लो, फिर आकर शतरंज खेलना

● रूसी ग्रैंडमास्टर गैरी कास्परोव का राहुल पर तंज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शतरंज विश्व चैंपियन गैरी कास्परोव ने रायबरेली और वायनाड सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। रूसी ग्रैंडमास्टर ने कहा, शतरंज का चैंपियन बनने से पहले आपको अपनी रायबरेली सीट से जीतना चाहिए। शुक्रवार की रात कास्परोव की पोस्ट एक ट्वीट के जवाब में आया, जिसमें यूजर ने लिखा था,यह राहत की बात है कि रूसी ग्रैंडमास्टर कास्परोव और विश्वनाथन आनंद जल्दी रिटायर हो गए और उन्हें हमारे समय की सबसे बड़ी शतरंज प्रतिभा का सामना नहीं करना पड़ा।

### शहरी वोटरों से परेशान हो गया चुनाव आयोग

## पहले से भी कम हो गया है इस बार का मतदान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा के लिए बीते दो चरणों में कम मतदान चिंता का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग ने भी इसपर निराशा जताई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के वोटर मतदान के प्रति ज्यादा ही उदासीन हैं। बता दें कि 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 4 फीसदी और दूसरे चरण में तीन फीसदी की कमी देखी गई है। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और 66.14 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहीं दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 फीसदी वोट पड़े थे। पहले दो चरणों में शहरी सीटों पर मतदान में खासी कमी देखी गई है। लंबे समय से चुनाव आयोग प्रयास करता है कि शहरी सीटों वर वोटिंग बढ़े लेकिन इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। उलटे इस बार वोटिंग पर्सेंट घट गया है। गाजियाबाद में इस बार 6 फीसदी कम यानी केवल 49.88 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई जो कि 2019 में 55.88 फीसदी थी। इसतके अलावा गौतम बुद्ध नगर में 2019 के 60.4 फीसदी की तुलना में 53.63 फीसदी वोटिंग ही दर्ज की गई। 26 अप्रैल को बेंगलुरु सेंट्रल और बेंगलुरु साउथ सीट पर भी वोटिंग करवाई गई थी। यहां क्रमशः 54.06 और 53.27 पर्सेंट ही वोटिंग हुई। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि चुनाव आयोग द्वारा वोटिंग बढ़ाने के लिए इतने अभियान चलाने के बाद भी शहरी वोटरों पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।

चुनाव आयोग का कहना है कि बाकी बचे पांच चरणों में मतदान बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं मतदान के बाद फाइनल डेटा रिलीज करने को लेकर भी विवाद चल रहा है। पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद फाइनल आंकड़े जारी किए गए थे। वहीं दूसरे चरण के चार दिन बाद डेटा रिलीज किया गया।

## भारत में अफगान के राजदूत ने दिया इस्तीफा

● दुबई से 25 किलो सोना तस्करी करते पकड़ी गई थीं

**काबुल (एजेंसी)।** भारत में अफगानिस्तान के महावाणिज्यदूत जाकिया वारदाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अफगानिस्तान में तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता में आने के बाद वह भारत में कार्यवाहक राजदूत भी थीं। शनिवार को उन्होंने व्यक्तिगत हमलों और मानहानि का आरोप लगाते हुए पद से इस्तीफा दिया। वित्त मंत्रालय की शीर्ष तस्करी विरोधी एजेंसी, राजस्व खुफिया निदेशालय की ओर से उन्हें पकड़े जाने के कुछ दिनों बाद ऐसा हुआ है। नई दिल्ली में दूतावास बंद करने की घोषणा पिछले साल दिसंबर में की गई थी।

# कांग्रेस के शहजादे अब मोदी के आंसुओं में ढूंढ़ रहे हैं अपनी खुशी

### झारखंड के पलामू रैली में पीएम मोदी का राहुल गांधी पर बड़ा हमला

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पलामू में शनिवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि , मेरे जीवन को आप भली-भांति जानते हैं। मैं गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। मैंने गरीबी को जिया है। गरीब की जिंदगी कितनी तकलीफ वाली होती है, उससे मैं गुजरते-गुजरते यहां आया हूं। इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा मेरे अपने जीवन के अनुभव से जन्म लिया हैज ये आंसू वही समझ सकता है जिसने गरीबी देखी हो। जिसने मां को धुंए में खासते देखा नहीं उसे ये आंसू कभी समझ नहीं आ सकते। जिसने अपना पेट बांधकर मां को सोते नहीं देखा, जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, जिसने अपनी बीमारी को छिपाते नहीं देखा, शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान सहते नहीं देखा, वो मोदी के इन आंसुओं का मर्म नहीं समझेगा। लेकिन ये कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ़ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। वो तो गर्व से कहते हैं कि उनके घर में कई प्रधानमंत्री थे। वे चांदी के चम्मच से खाते रहे। गरीब की, दलित



और आदिवासी झोपड़ी में फोटो खिंचवाते रहे लेकिन गरीब के लिए कुछ नहीं किया। मेरे पास अपनी एक साइकिल भी नहीं है, वे अपने बच्चों को विरासत में देने के लिए सब कुछ इकट्ठा कर रहे हैं लेकिन मेरे सभी उत्तराधिकारी हैं आप।

### कांग्रेस सरकार में भारत दुनिया में जाकर रोता था, आज ऐसा नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, एक वो स्थिति थी जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जा जाकर रोती थी। वो वक्त चला गया जब हम दुनिया में जाकर रोते रहे। आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया में जा जाकर रो रहा है। 'बचाओ-बचाओ' चिल्ला रहा है। आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के इस शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं लेकिन मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। उन्होंने कहा, आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया, ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लग गई थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था।

## अब दादा-दादी 70 साल की उम्र में पियेंगे पोलियो ड्रॉप

### हज पर जाने से पहले टीके भी लगेंगे, सऊदी की सख्ती






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बूंद जिंदगी की। ये स्लोगन सुनते ही एक मासूम से बच्चे की पोलियो ड्रॉप पीती तस्वीर जहन में आती है, लेकिन हल्द्वानी में हज जाने से पहले 70 साल के दादा-दादी को भी ये ड्रॉप पिलाई जाएगी। 12 मई को ड्रॉप पिलाने के साथ ही टीके भी लगाए जाने हैं। दरअसल, सऊदी अरब ने हज यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए इस प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। बड़े सामूहिक समारोह में पोलियो फैलने के खतरे से बचने के लिए सऊदी अरब ये सख्ती करता है। हर साल, दुनिया भर से लाखों मुसलमान हज के लिए मक्का में एकत्र होते हैं। सभी वयस्क, सक्षम मुसलमान जीवन में कम से कम एक बार हज करना चाहते हैं। हज यात्रा एक कठिन यात्रा है। इसके लिए गर्म मौसम में लंबा सफर यात्रियों को तय करना पड़ता है। इसलिए इस यात्रा पर शारीरिक रूप से अनफिट और पहले से मौजूद चिकित्सा संबंधी समस्याओं वाले लोगों को अनुमति नहीं मिलती। यात्रा की शुरुआत में ही पूरी तरह सेहतमंद होने का सर्टिफिकेट लेना होता है।

## वे मेरे भाई को शहजादा कहते हैं, खुद शहंशाह हैं

● गुजरात की रैली में प्रियंका गांधी का पीएम मोदी पर बड़ा अटैक

**अहमदाबाद/बनासकांठा (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुजरात दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निशाना साधा। बनासकांठा में पार्टी की उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी शहंशाह हैं। जो महल में रहते हैं लेकिन जनता से कटे हुए हैं। प्रियंका गांधी के इस हमले को पीएम मोदी की तरफ से अपने भाई राहुल गांधी के लिए 'शहजादा' तंज के जवाब में पलटवार माना जा रहा है। प्रियंका गांधी ने बनासकांठा की सभा में क्षत्रिया आंदोलन और इलेक्ट्रोरल बांड का




मुद्दा भी उठाया। प्रियंका गांधी ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के लिए जामनगर एयरपोर्ट को विशेष अनुमति में मिलने पर भी तंज कसा। प्रियंका गांधी ने बनासकांठा की रैली में पीएम मोदी को निशाने पर रखा। प्रियंका गांधी ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी (लोगों की) समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले।

# रेवन्ना के खिलाफ लें सख्त ऐक्शन, राहुल की 'सिद्धा' को चिट्ठी

### जेडीएस नेताओं के घर पहुंची एसआईटी, कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा है। इसमें जनता दल सेक्युलर के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुई पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा गया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में



कहा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें। राहुल गांधी ने लिखा, वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा दी जाए। संबंधित घटनाओं को भयावह यौन हिंसा करार देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने बीते कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया। उन्होंने कहा, उनमें से कई महिलाएं, जो उसे भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई।

### राहुल बोले- प्रधानमंत्री के मौन समर्थन का खामियाजा

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, अपने 2 दशकों के जनसेवा इतिहास में मैंने कभी ऐसा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर निरंतर चुप्पी साधे रखी हो। हरियाणा की हमारी पहलवानों से लेकर मणिपुर की हमारी बहनों तक सभी भारतीय महिलाओं को ऐसे अपराधियों को प्रधानमंत्री के मौन समर्थन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना कांग्रेस का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि कर्नाटक सरकार ने इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। प्रधानमंत्री से प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने व उन्हें जल्द से जल्द भारत लाए जाने का अनुरोध भी किया है। इस बीच, एसआईटी अधिकारी जद (एस) नेता एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर शनिवार को पहुंचे। मालूम हो कि एचडी रेवन्ना के खिलाफ मैसूर में अपहरण का मामला भी दर्ज कराया गया है। होलेनरसीपुरा थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर के अनुसार, बुधवार रात को एक और शिकायत दर्ज की गई। इस नए मामले में मैसुरू जिले के कृष्णराजा नगर के रहने वाले 20 वर्षीय शिकायतकर्ता ने कहा कि रेवन्ना ने उसकी मां का अपहरण कर लिया है।

### जाति का खेल

# दलित नहीं थे रोहित वेमुला, मां ने बनवाया था फर्जी जाति प्रामणपत्र

● तेलंगाना पुलिस ने सभी आरोपियों को दी क्लीन, बीजेपी हुई हमलावर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना पुलिस ने शुक्रवार को रोहित वेमुला आत्महत्या मामले में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। रिपोर्ट में तत्कालीन सिकंदराबाद के सांसद बंडारू दत्तात्रेय, विधान परिषद के सदस्य एन रामचंदर राव, कुलपति अप्पा राव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेताओं और महिला एवं बाल विकास स्मृति ईरानी मंत्री सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित ने आत्महत्या की क्योंकि वह कई कारणों से तनावग्रस्त था। कैंपस में उसकी राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण शैक्षणिक मोर्चे पर




उसका खराब प्रदर्शन भी एक कारण था। इसके अलावा, उसकी मां द्वारा उसके लिए फर्जी अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र की व्यवस्था करना भी तनाव का एक कारण था। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है,वह अपनी पढ़ाई के बजाय राजनीति करता था।

### इंदौर हाईकोर्ट की डबल बेंच से भी कांग्रेस को झटका

# अक्षय की नामवापसी के खिलाफ दायर अपील खारिज, अब सुप्रीम कोर्ट जाने की है तैयारी

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर हाईकोर्ट की डबल बैंच ने कांग्रेस के वैकल्पिक प्रत्याशी मोती सिंह पटेल (सब्स्टिट्यूट कैंडीडेट) की अपील शनिवार दोपहर में खारिज कर दी है। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रहे अक्षय कांति बम की नाम वापसी के बाद मोती सिंह ने कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारी की अपील की थी। जस्टिस एसए धर्माधिकारी की खंडपीठ में शुक्रवार दोपहर पटेल की अपील पर सुनवाई हुई थी। जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। बता दें कि हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 30 अप्रैल को पटेल की याचिका खारिज की थी। इसी के खिलाफ उन्होंने अपील की गई थी। अब कांग्रेस ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। संभवतः 5 मई तक अपील दायर करा दी जाएगी। मोती सिंह पटेल के वकील विभोर खंडेलवाल ने हाईकोर्ट डबल बैंच से अपील खारिज होने की पुष्टि की है। उन्होंने फैसले की कॉपी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में अपील की बात भी कही। दरअसल, कांग्रेस के मुख्य प्रत्याशी रहे



अक्षय कांति बम के नाम वापस लिए जाने को आधार बनाकर पटेल उम्मीदवारी का हक मांग रहे हैं, जबकि उनका नामांकन स्क्रूटनी में रद्द हो चुका है। कांग्रेस की ओर से फॉर्म-बी स्क्रूटनी के दिन पेश नहीं किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट




**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं। इस मामले की सीबीआई जांच 12 साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई। इसे लेकर झारखंड हाई कोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है। अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था। हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था। बाद में हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गयी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए इस फैसले को पलट दिया। कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया था। बुद्धदेव उरांव की ओर से दायर जनहित याचिका में अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि 12 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सीबीआई ने जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की और ना ही इस मामले में आरोप पत्र दायर किया है। इस पर सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की जमानत याचिका पर फैसला 10 मई को



**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की है। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। हेमंत सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी की ओर से चार्जशीट भी दाखिल का चुका है।

### प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को बाघमारा में करेंगी चुनाव प्रचार



**रांची।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### राहुल गांधी का देश के प्रधानमंत्री के लिए सड़क छाप भाषा का प्रयोग निंदनीय : रंगनाथ महतो



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने कहा कि राहुल गांधी अपनी मानसिक दिवालियापन का हर समय देश की जनता के सामने परिचय देते रहते हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सड़क छाप व्यक्ति की तरह भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि मोदी समुद्र के अंदर पानी में डर गया था। उसका चेहरा देखो डरा हुआ लगेगा। राहुल के इस बयान की जितनी निंदा की जाए कम है। महतो ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को अपना संसदीय क्षेत्र बचाने के लिए वहां की जनता का हृदय जीतने के लिए कार्य करना चाहिए। कांग्रेस को अपना विजन जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए न कि केवल हिंदू मान बिंदुओं, हिंदू सभ्यता, हिंदू संस्कृति का माखौल उड़ाने से या केवल मलेच्छों को खुश करने से ही वायनाड और रायबरेली सीट आ जाएगी? महतो ने कहा कि कांग्रेसियों के पास अब केवल एक ही मुद्दा रह गया है मोदी हटाओ और मोदी हटाने के लिए इन्हें राष्ट्र विरोधियों से भी गलबहियां लगने से कोई गुरेज नहीं लेकिन जनता अब समझ चुकी है कि क्यों आतंकवादियों की और कांग्रेस की भाषा एक होती है। राहुल गांधी आज जनता को जिस संविधान को बचाने का डर दिखला रही है, उसे कांग्रेस ने और राहुल गांधी के पुरखों ने जब चाहा जैसे चाहा बदल चुका है। इसलिए उनका यह बयान हास्यास्पद है।

### राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई आठ को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि आठ मई निर्धारित की है। इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी थी। मामले में अदालत ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया था। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप लगा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है।

### रांची लोस सीट के लिए 32 उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 32 हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के छठे दिन शनिवार को दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन करने वालों में निर्दलीय से रामकेश्वर प्रजापति और निर्दलीय से संजय कुमार महतो शामिल हैं।

# रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर, भाजपा के लिए सुदेश महतो की भूमिका अहम

**रांची**



रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर माना जाता रहा है। इसलिए भाजपा के टिकट से पांच बार रामटहल चौधरी को टिकट मिलता रहा। इन्होंने कई बार रांची सीट से जीत भी हासिल की थी। अब रामटहल चौधरी भाजपा में नहीं हैं। ऐसे में भाजपा के साथी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो अंदर से भाजपा का साथ दे रहे हैं ताकि कुर्मी वोटर इधर-उधर न हो सके और भाजपा को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। आंकड़ों के अनुसार रांची लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख आबादी सिर्फ कुर्मी वोटरों की है जबकि यहां मिशनरी और मुस्लिम वोट भी खासा मायने रखते हैं। उधर, लोकसभा चुनाव-2024 में रामटहल चौधरी ने टिकट के लिए कांग्रेस का दामन थामा तो वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उन्हें पाकर खुशी जताई थी लेकिन पलक झपकते राजनीति के माहिर खिलाड़ी सुबोधकांत सहाय ने चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। सहाय ने बेटी यशस्विनी सहाय को कांग्रेस से टिकट दिलाकर रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनवा दिया। इस बीच भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ चुनावी मैदान में हैं। रांची सीट भाजपा बनाम आईएनडीआईए के बीच दिलचस्प मोड़ पर है लेकिन कुर्मी वोटरों के समर्थन में बड़े चेहरे का अभाव है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हो न हो अंदर से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ही रांची सीट की कमान संभाल रहे हैं। कुर्मी वोटरों का लाभ भाजपा को मिले इसके लिए सुदेश महतो चुनावी मैदान में अंदर से गठबंधन के साथी भाजपा का साथ दे रहे हैं। हालांकि, रांची सीट से महागठबंधन के कई नामचीन चेहरे एक साथ चुनावी ताकत झोकेंगे। एक तरफ जहां भाजपा के संजय सेठ रांची लोक सभा सीट से खड़े हैं तो वहीं दूसरी तरफ मुकाबला करने के लिये फिल्ड में यशस्विनी सहाय सहित अन्य नामचीन चेहरे मौजूद हैं। रांची से कांग्रेस के भैया माने जाने वाले सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय और भाजपा के सांसद उम्मीदवार संजय सेठ के बीच जोरदार मुकाबला होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो सहित अन्य बड़े नेता एनडीए को जीत के लिए एकजुट हैं जबकि झामुमो की कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित आईएनडीआईए यशस्विनी सहाय को विजयी बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वैसे भाजपा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कांग्रेस में प्रचार करते तो शायद कुर्मी वोटर काटते लेकिन रामटहल चौधरी ने स्पष्ट कर दिया है कि टिकट के लिए ही वे कांग्रेस आए थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की जमानत पर कोर्ट में ईडी और बचाव पक्ष की ओर से लिखित बहस जमा

**रांची**

जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। इसके बाद अब कोर्ट के फैसले का इंतजार है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की बेल पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं: गुलाम अहमद मीर

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं लेकिन राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुर्बानी का इतिहास रहा है। मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है। दो दिन से मोदी झारखंड में हैं। जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि दस साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की। इसी कारण अपने दस साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा। मीर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर प्रधानमंत्री शाम में 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उप मुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि दस वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच वर्ष पूर्व मोदी के जरिये किया गया था लेकिन उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू, मुसलमान और पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सात मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए। जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है। इस दौरान भारतीय कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण, वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।




### सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यकः बिरेन्द्र साहु



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री (झारखंड-बिहार) डॉ बिरेन्द्र साहु ने राहुल गांधी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक है। हिंदू समाज जिस द्वारिका नगरी के दर्शन करने मात्र को सौभाग्य समझता है, उस परम आराध्य स्थल का अपमान करना हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिंदू समाज इसका उत्तर अवश्य देगा।

डॉ साहू ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी को काल्पनिक कहने वाले और भगवान श्रीकृष्ण की अपमान करने वाले को इस देश के शासन व्यवस्था में रहने का कोई अधिकार नहीं है। डॉ साहू ने हिंदू समाज से अपील किया है कि भारतीय धार्मिक- सांस्कृतिक संरक्षण, मानबिंदुओं की सुरक्षा, देश की गरिमा और भारतीय सीमा को कड़ी सुरक्षा देने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तियों को शतप्रतिशत मतदान करके राष्ट्र को परम वैभवशाली बनाने का कार्य करें। देशद्रोहियों के मतदान जिहाद करने की बात करने वाले लोगों का प्रतिकार करने का समय है। हिंदू समाज सजग होकर देशद्रोहियों के विरुद्ध मतदान अवश्य करे।

### झारखंड में गर्मी से मिलेगी राहत, छह मई से बारिश की संभावना



**रांची।** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। आठ और नौ मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पांच मई को राज्य के सराइकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामतारा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के रांची में छह और सात मई से आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम शुष्क रहेगा। आठ और नौ मई से गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

# एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार




**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 21 गोलियां, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रह रहे हैं । वर्तमान में अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी हैं और इनके जरिये कई स्थानों पर फायरिंग की घटना की गई है। इस सूचना पर एटीएस टीम के जरिये रामगढ़ जिला के पतरातू क्षेत्र में छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस की ओर से गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार जरिये कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इनमें छह मार्च को सिकीदरी थाना के ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण के कार्यस्थल पर फायरिंग की घटना, छह फरवरी को ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर फायरिंग , नौ फरवरी को भुरकूण्डा के स्वामी सिद्धांत बाउरी नामक व्यक्ति के उपर फायरिंग शामिल है। तीनों घटनाओं में इस्तेमाल की गई बाइक एवं हथियार को एटीएस टीम ने बरामद कर लिया गया है।

### बसंत लोंगा को झामुमो ने छह साल के लिए पार्टी से निकाला

**रांची।** झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो ने खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने को लेकर यह कार्रवाई की है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में शनिवार को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला समिति की चिट्ठी, मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के मुताबिक बसंत लोंगा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य किया है। बसंत लोंगा पर पार्टी कार्यकर्ताओं को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप लगा है। विनोद कुमार पांडेय ने लिखा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बसंत लोंगा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

# रांची के विकास और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव : यशस्विनी सहाय



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी। सहाय ने कहा कि रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी। सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं, उसे देखकर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। पेपर लीक के मामले हो रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त कानून बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि एचईसी को बेचने की तैयारी चल रही है। एचईसी को हमें बचाने की जरूरत है। कई साल से कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिली है। इसके लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो भेजे गए जेल



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस ) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया । देवेंद्र महतो गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

देवेंद्र नाथ महतो नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे लेकिन नामांकन दाखिल करने से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में लालपुर इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि कांड संख्या 251/21 में देवेंद्र नाथ महतो को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ वारंट जारी था। पूर्व में आंदोलन को लेकर यह मामला दर्ज किया गया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### रांची-नई दिल्ली के बीच डालटनगंज होकर चलेंगी एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें



**पलामू।** यात्री सुविधाओं के मद्देनजर रांची-नई दिल्ली के बीच एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। गाड़ी संख्या 02877/02878 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन मुरी-बरकाकाना-टोरी-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-जपला-सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 02877 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23:55 बजे खुलकर शनिवार को 2:40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और 3:53 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 03:55 बजे प्रस्थान कर 4:20 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 04:22 बजे प्रस्थान कर 05:13 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 05:15 बजे आगे रवाना होगी और छह बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहां से 06:05 बजे प्रस्थान कर 22:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली-रांची समर स्पेशल 11 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23:45 बजे खुलकर रविवार को 17:08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहां से 17:10 बजे प्रस्थान कर 17:40 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 17:42 बजे चलकर 18:40 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 18:42 बजे रवाना होगी और 19:10 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 19:12 बजे चलकर 21:25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 21:30 बजे प्रस्थान कर 00:15 बजे रांची पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे।

### पलामू में पुलिस जवान की बाइक में लगी आग



**पलामू।** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक चौक के समीप बंगाल टेंट हाउस के सामने शनिवार को मुख्य सड़क पर चलती बजाज पल्सर बाइक (जेएच 01सीपी 4300) में आग लग गयी। बाइक झारखंड पुलिस के जवान की बतायी गयी है। सूचना मिलने पर टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग बुझायी। इस हादसे से आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बताया गया है कि नवकेतन सिनेमा रोड की ओर से पुलिस जवान संजू कुमार वर्मा गढवा जा रहे थे। संजू गढवा में ही पोस्टेड है। वे गढ़वा के निवासी हैं। उनके पीछे मिथिलेश कुमार बैठे हुए थे। इस बाच बाइक से चिंगारी निकलने पर दोनों बाइक से उतरकर अलग हो गए। इसके बाद बाइक में आग लग ई और देखते देखते धूं-धूं कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर फाइटर से आग बुझाने की कोशिश की। बाद में मौके पर पहुंचे टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। सूचना पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एक महीने पहले ही बाइक की इंश्योरेंस फेल हुई थी। बाइक में आग लगने के पीछे तेल टंकी से लिकेज बताया गया है।

### कैरो प्रखंड क्षेत्र के गुड़ी पंचायत में कराया होम वोटिंग



**लोहरदगा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को कैरो प्रखंड के गुड़ी पंचायत के गुड़ी गांव में दिव्यांग लीला कुमारी को जिला निर्वाचन से आये पदाधिकरी एवं बीएलओ पर्यवेक्षक रघुनाथ मुंडा, बीएलओ मनसूर आलम आदि की उपस्थिति में मतदान कराया गया। मतदान कर लीला काफी खुश नजर आयी। उसने कहा कि मैंने तो अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। अब आपकी बारी है।

### होम वोटिंग के तहत तीन दिनों में घर बैठे कुल 333 मतदाताओं ने डाला वोट

**पलामू।** लोकसभा सीट के लिए 2 मई से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है।इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं।पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के कुल 478 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है।इसी क्रम में आज कुल 99 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया।पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया।आज कुल 13 मार्गों पर टीम ने मतदान करवाया जिसमें 72 मतदाता 85 वर्ष के उपर थे जबकि 27 दिव्यांग मतदाता शामिल थे।इसके पूर्व दिनांक 3 मई को 110 मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट कराया गया इसमें 68 मतदाता 85 वर्ष के उपर के ऐज के थे वहीं 42 दिव्यांग मतदाता थे।इसके पूर्व होम वोटिंग के पहले दिन कुल 124 वोटरों से उनके घर पर ही मतदान करवाया गया था। बता दें कि जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते,उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है।यह अभियान 2 मई से 7 मई तक चलाया जायेगा वहीं जो मतदाता इस दौरान छूट जायेंगे उनसे दोबारा 9 व 10 मई को मतदान करवाया जायेगा।

### लोहरदगा में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को अगवा कर पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। लिखित शिकायत पर पुलिस ने पांच युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। फिलहाल, सभी आरोपित फरार हैं। पुलिस ने पीड़ित लड़की का मेडिकल चेकअप कराकर बयान कलमबद्ध कराया है। बताया जाता है कि नाबालिग लड़की गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। देर रात जब लड़की शादी समारोह से घर लौट रही थी तो पांच युवकों ने उसे अगवा कर लिया तथा गांव से दूर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। अहले सुबह लड़की को उसी हालत में धमकी देकर गए कि किसी को जानकारी दी तो अंजाम ठीक नहीं होगा। सुबह किसी तरह लड़की घर पहुंची। डरी-सहमी लड़की ने किसी को कोई जानकारी नहीं दी लेकिन तबीयत बिगड़ने के बाद जब परिजनों ने पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हो गया। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। लड़की का मेडिकल चेकअप कराया गया है। आरोपित फरार हैं। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा गया रेलखंड स्थित गझंडी स्टेशन के पास एक ऑन ड्यूटी लोको पायलट की राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गयी। शनिवार सुबह करीब 4.30 बजे गझंडी स्टेशन के पास एक लोको पायलट पंकज कुमार सिंह का डेड बॉडी पाया गया। इस संबंध में साथ कार्यरत गोपाल कुमार ने बताया कि मृतक लोको पायलट पंकज कुमार सिंह और उनकी, दोनो की ड्यूटी साथ में थी। बैंकर को गझंडी के लोको बफर में खड़ा करने के बाद समय 04.31 बजे जब ट्रैक पकड़ कर जा रहे थे तो डाउन लाइन से गुजर रही गाड़ी संख्या 20840 न्यू दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस के इंजन से धक्का लग गया, जिससे ऑन ड्यूटी लोको पायलट पंकज कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# जिला व प्रखंड स्तर पर चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान



**गढ़वा।** लोकसभा निर्वाचन के जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा, 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक Main bhi Election Ambassador सोशल मीडिया कैम्पेन में जिलावासी अवश्य लें भाग, बैठक कर उप विकास आयुक्त ने किया अपील। लोकसभा आम चुनाव 2024 को हम लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं। इसे लेकर मतदातओं को जागरूक करने हेतु जिला एवं प्रखंड स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट आइकन, एनसीसी, एनएसएस, एफपीओ, कर्मचारी संघ, JSLPS, हेल्थ विभाग, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभाग के प्रतिनिधियों संग बैठक किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ-साथ अपने आस-पास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है। आगे उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक Main Bhi Election Ambassador सोशल मीडिया कैम्पेन का आयोजन किया गया है। उक्त अभियान में गढ़वा जिले के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी, एफपीओ, एफपीओ, एनएसएस, एनसीसी, नेहरु युवा केन्द्र, कर्मचारी संघ समेत जिले के आम नागरिक अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने निर्वाचन कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर उक्त समय के बीच अवश्य अपलोड करें और इस मुहिम का हिस्सा बने। साथ हीं अभियान से पूर्व बूथ अवेयरनेस ग्रुप की भी बैठक करें। साथ हीं इससे पूर्व भी मतदाता जागरूकता को लेकर किए गए कार्यों का पोस्ट को शेड्यूल करे, जिससे उक्त समय अवधि में अधिक से अधिक पोस्ट Main bhi Election Ambassador हैश टैग के साथ किया जा सके। वहीं अभियान को लेकर स्वीप नोडल पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताना, उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। आम लोगों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित कर सकेंगें। इसलिय उक्त अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस बैठक में मुख्य रूप से स्वीप नोडल पदाधिकारी-सह- भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीरज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, डीपीएम JSLPS सुशील कुमार दास, सभी डिस्ट्रिक्ट आइकन, सभी समेत सभी एफपीओ, नेहरू युवा केन्द्र, एनसीसी, एनएसएस समेत अन्य उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

**लोहरदगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण एवं झारखंड राज्य के पहले चरण में 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को 12-लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ाखुखरा, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाड़ी, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, डुमरी एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कैम्बो तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुड़गुड़जाड़ी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए ठीक से कार्य करने की चेतावनी दी। रवि कुमार ने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण दो दिनों में पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

साथ ही बीएलओ सुपरवाइजर को इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने तथा मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा उसमें रनिंग वाटर शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची तथा मतदान केन्द्र जागरुकता समूह से संबंधित सूची का अवलोकन किया। रवि कुमार ने मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य चुनाव कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, लाइट एवं पंखा आदि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मतदान के दिन किस आयु वर्ग तक के वालेंटियर की सेवा ली जायेगी, इसकी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर मतदान करने की अपील की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर का औचक निरीक्षण कर वहां आने वाले मतदाता कार्ड से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर में जो भी वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र वितरण कराना सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान रांची के उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### घर घर श्रीराम कहने का काम सौंपा गया: अरुणा शंकर



**पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी को अयोध्या में श्री राम लला को विराजने के बाद पहली बार पलामू आगमन पर पूरे पलामू लोकसभा सनातनीयो की ओर से अयोध्या से मंगाई गई श्रीराम की अष्टधातु द्वारा निर्मित मूर्ति सौंपी।

मौके पर पाटन विधायक पुष्पा देवी, मीरा पांडे, रूपा सिंह एवं कई महिला मंच पर उपस्थित थी।

प्रथम महापौर ने कहा हम पलामू के सनातनियों के लिए यह कौरव का पल था जब उन्होंने एक संत के हाथ राम की मूर्ति सौंपी।

प्रधानमंत्री जी ने अपने अभिभाषण में सभी अपनों को घर-घर जाकर जय श्रीराम अपनी ओर से कहने का काम सौंपा है। यह संदेश पहुंचाना सौभाग्य का कार्य होगा।

# भाजपा नेता गोपाल चौरसिया हत्याकांड के आठ दोषियों को उम्रकैद की सजा और जुर्माना







**पलामू।** गढ़वा जिले के रमकंडा बाजार में भाजपा नेता गोपाल चौरसिया की सरेआम कुल्हाड़ी से काटकर हत्या मामले में आठ दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा राजेश शरण सिंह की अदालत ने शुक्रवार को यह सजा सुनाई। सजा पाने वालों में रमकंडा थाना निवासी चंद्रभूषण कुमार उर्फ टुनु, उसके पिता महेंद्र प्रसाद, नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद व इनके भाई बसंत प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, संदीप प्रसाद व लालदीप प्रसाद शामिल हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक जगदेव साहू एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ब्रिजदेव विश्वकर्मा ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि रमकंडा के बाजार टोला निवासी भाजपा नेता गोपाल चौरसिया की 23 अक्टूबर, 2019 की शाम 5.15 मिनट पर रमकंडा बाजार में सरेआम दौड़ाकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद भाजपा नेता की बेटी दीपा ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए रमकंडा में आंदोलन किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन कुछ दिनों बाद कोर्ट ने इन्हें जमानत दे दी थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मजबूत भारत अब मजबूत सरकार ही चाहता है

#### हर योजनाओं को अपने जीवन काल के अनुभव से लिया है




**पलामू।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित चियांकी हवाई अड्डा परिसर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत का स्वरूप बदल चुका है। वह दुश्मनों के घर में घुसकर मारता है जिसका उदाहरण सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मजबूत भारत अब मजबूत सरकार ही चाहता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए मेरा कार्य अनुभव 25 वर्ष का हो चुका है अभी तक उनपर एक भी पैसे का घोटाला का आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि मुझे जीवन में और किसी भी प्रकार की जरूरत नहीं है। मोदी मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ है। मेरे वारिस भारत की सारी जनता है। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा है कि विरासत में आपके और आपके बच्चों को विकसित भारत देकर ही जाऊं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा मैंने गरीबी को जिया है। गरीब कल्याणकारी की हर योजनाओं को अपने जीवन काल के अनुभव से लिया है। उन्होंने कहा कि जिसने मां को धुएं में खाना बनाते और खांसते हुए देखा नहीं उन्हें गरीबी कहां से समझ में आयेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके 10 वर्ष की सेवा कार्य में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं यही उनकी शक्ति और पूंजी है। उन्होंने यह भी कहा की 10 वर्ष पहले आकांक्षी जिले को पिछड़ा जिला कहकर अपमानित किया जाता था आज आकांक्षी जिलों को होनहार बनाया गया है और आकांक्षी जिलों को होनहार जिला बनाकर रहूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1 हर कच्चा मकान पक्का मकान के रूप में तब्दील हुआ है। उन्होंने यह लोगों से कहा की यदि कोई भी कच्चा घर कहीं दिखे तो नाम और पता लिखकर सीधा उन्हें भेजें। अगली बार सभी के घर पक्का बनाकर दे दूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपके लिए और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करते रहेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा की वर्ष 2025 में बिरसा मुंडा का 50वें जन्मदिन है। उस दिन सारे देश में जनजातीय गौरव समारोह मनाया जायेगा।

मंच पर बीजेपी विधायक दल के नेता अमर बाउरी, बालमुकुंद सहाय, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशिभूषण मेहता, विधायक भानु प्रताप शाही, एनसीपी विधायक कमलेश, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, विधायक पुष्पा देवी, रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद घुरन राम, मनोज कुमार और बृजमोहन राम आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ में चार लड़कों ने किया युवती का बलात्कार, वीडियो किया वायरल




**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में चार नाबालिग लड़कों ने एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया। उन लड़कों की मानसिक कुंठा वहीं खत्म नहीं हुई। उन लोगों ने पहले लड़की को धमकी दी और फिर बाद में उसका सेक्स वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पूरे जिले में सनसनी फैल गई। मामला जैसे ही थाने पहुंचा रामगढ़ पुलिस भी सक्रिय हुई। आनन-फानन में छापेमारी शुरू हुई। पुलिस ने उन चारों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है, जो उस वीडियो में नजर आ रहे थे और जिन लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल किया था। बलात्कार की पीड़िता 18 वर्षीया युवती ने पुलिस को बताया कि बलात्कार करने वाले लड़कों ने उसे धमकी दी थी। पहले तो उसके साथ जबरन बलात्कार किया गया। फिर उसका सेक्स वीडियो भी उन लोगों ने बनाया। बाद में कहा कि अगर वह अपने घर में इस वारदात की जानकारी देगी तो सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। इस डर से उसने अपने घर में 21 अप्रैल 2024 की दोपहर को हुई इस वारदात की जानकारी नहीं दी थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल 2024 की दोपहर 11:30 बजे वह अपने घर से निकली थी। सिरका अरगड्डा डंपिंग यार्ड के पास चारों लड़कों ने उसे मिले और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे जबरन झाड़ी की तरफ ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। सभी लड़कों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच की है। पीड़िता ने बताया कि उन लोगों ने उसका सेक्स वीडियो फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो कि उसके परिजनों ने देखा। तीन मई को परिजनों से ही पीड़िता की मां को इस वायरल वीडियो की जानकारी मिली। पीड़िता ने सामूहिक बलात्कार करने वाले लड़कों की पहचान पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उन चारों लड़कों को पकड़ा।

# आर्यन को नहीं थी पहले से कोई बीमारी, माता- पिता ने किया खुलासा

#### राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधन की बातों पर मृत छात्र के माता-पिता ने उठाया सवाल



**रामगढ़।** राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन की मौत एक बड़ा सवाल खड़ा कर गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि हॉस्टल में रहने वाले छात्र कितने महफूज हैं? और विद्यालय प्रबंधन कितना सजग है? यह कहना अब बेहद मुश्किल हो गया है। बच्चे बीमार हैं उसके बावजूद हॉस्टल में है। उसकी कोई सूचना ना तो अभिभावकों तक पहुंच रही है, और ना ही उसका कोई इलाज चल रहा है। अचानक बच्चे खेल के मैदान में पहुंचते हैं और उनकी मौत हो जाती है। फिर स्कूल प्रबंधन के द्वारा बच्चे का मेडिकल हिस्ट्री सामने लाया जाता है। यह पूरा मामला एक बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। बीमार बच्चों को हॉस्टल में रखना उचित नहीं है। इसके अलावा अगर बच्चे की मेडिकल हिस्ट्री है तो उसके बाद भी उसे मॉर्निंग वॉक, एक्सरसाइज और काउंटिंग जैसे सेशन में शामिल किया जा रहा है, यह भी बेहद चिंता का विषय है।

**विद्यालय प्रबंधन की बातों पर मृत छात्र के पिता ने उठाए सवाल–** इस पूरे प्रकरण पर बच्चे का अंतिम संस्कार कर घर लौटे पिता नेहरू गंझू ने बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा है कि उनका बच्चा पिछले दो वर्षों से राधा गोविंद स्कूल में पढ़ रहा था। इस दौरान ना तो कोई बीमारी की खबर आई और ना ही ऐसी कोई शिकायत मिली। अचानक उनके बच्चे के गंभीर होने की खबर फोन पर दी जाती है। यह खबर उनके लिए बेहद चौंकाने वाला था। जब वह स्कूल की तरफ बढ़े तो उन्हें लगातार अस्पतालों के नाम बताए गए। जब वह अस्पताल पहुंचे तो उन्हें बेटे की लाश मिली। उन्होंने कहा कि अगर किसी बच्चे की तबीयत खराब थी, तो स्कूल प्रबंधन के द्वारा उसे किसी भी काउंटिंग सेशन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए था। अगर उसे जबरन हॉस्टल से नीचे उतारकर मैदान में लाया जा रहा है तो यह एक गंभीर मसला है। उन्होंने कहा कि मीडिया में कई बातें स्कूल प्रबंधन के द्वारा कही गई है जो झूठी है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे की तबीयत ठीक नहीं थी या उसका कोई इलाज चल रहा था तो उसकी कोई जानकारी अभिभावक को नहीं दी गई। विद्यालय प्रबंधन इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गाइडलाइन के बावजूद उन्हें ना तो छुट्टी की खबर मिली और ना ही बच्चे को ले जाने के लिए कोई मैसेज किया गया।

**ऑनलाइन क्लास के नाम पर रोके गए थे बच्चे–** मृत छात्र आर्यन की मां डौली देवी ने स्कूल प्रबंधन के हर उसे दावे को नकारा जिसमें यह कहा गया था कि आर्यन को क्रॉनिकल डिजीज था। उन्होंने कहा कि उनका बच्चा पूरी से स्वस्थ था। उन्होंने अपने दोनों बच्चों का एडमिशन राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में कराया था। आज जब उनके बच्चे के साथ हादसा हुआ है तो विद्यालय प्रबंधन अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी स्कूल में छुट्टी होती थी तो बच्चे फोन कर घर में बताते थे कि उनकी छुट्टी हो गई है और अभिभावक जल्दी आकर उन्हें ले जाएं। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। विद्यालय प्रबंध कर रहा है कि उन्होंने छुट्टी की नोटिस अपने विद्यालय में चिपका दी है। लेकिन उसका कोई संदेश अभिभावकों तक नहीं पहुंचा। जो बच्चे घर से स्कूल आते थे उनकी छुट्टी की गई थी और ऑनलाइन क्लास लिया जा रहा था। लेकिन जो बच्चे हॉस्टल में रह रहे थे उनकी छुट्टी नहीं की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

# शहबाज ने माउंट एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा

## किया भुरकुंडा कोयलांचल का नाम रोशन



**भुरकुंडा(रामगढ़)**। जिला के भुरकुंडा के 29 वर्षीय व्यवसायी शाहबाज आलम ने दुनिया के सबसे ऊंचे बेस कैंप माउंट एवरेस्ट पहुंचकर देश का प्यारा तिरंगा लहराया।इसी के खुशी में आज उनके पिता सलाउद्दीन मंसूरी ने उनके सम्मान के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। इससे उनका पूरा परिवार काफी खुश नजर आ रहा है भुरकुंडा मस्जिद कॉलोनी निवासी व्यवसायी सलाउद्दीन मंसूरी के पुत्र शाहबाज ने कहा कि माउंट एवरेस्ट में तिरंगा लहराने की ख्वाहिश उसे बचपन से ही थी लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने मन की बात अपने माता-पिता को कहीं तो माता पिता ने उसे इजाजत दी ।इसके बाद उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहरा कर भुरकुंडा कोयलांचल का मान बढ़ाया साथ-ही-साथ अपने सपने को भी पूरा किया। वही शाहबाज ने बताया कि 40 घंटे जीप से और400 किलोमीटर पैदल साथ ही लॉकडाउन की वजह से पैसे की कमी थी फिर भी मैंने हौसला नहीं छोड़ा और मैंने मंजिल तक पहुंच कर अपने देश का तिरंगा फहरा कर मान बढ़ाया।

# झारखंड के लोहरदगा में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

## पांचों आरोपियों की तलाश में छापेमारी

**लोहरदगाः** झारखंड के लोहरदगा जिले के कुड़ु थाना क्षेत्र की नाबालिग को अगवा कर पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है. लोक-लाज के कारण पीड़िता ने मामले को दबाकर रखा, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई. इसके बाद परिजन लड़की को लेकर कुड़ू थाना पहुंचे तथा पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की. लिखित आवेदन के बाद पांच युवकों पर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने लड़की का मेडिकल चेकअप कराया. इसके साथ ही बयान कलमबद्ध कराया गया है. पीड़िता व परिजनों पर केस उठाने का दबाव केस दर्ज होने के बाद लड़की तथा परिजनों पर मामला उठाने का दबाव बनाया जा रहा है. बताया जाता है कि थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गयी थी. देर रात जब लड़की शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रही थी तो पांच युवकों ने लड़की को अगवा कर लिया और गांव से दूर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी लोहरदगा में नाबालिग आरोपियों के सामने गिड़गिड़ाती रही, लेकिन युवक हैवानियत करते रहे. अहले सुबह पीड़िता को उसी हालत में धमकी देकर गए कि किसी को जानकारी दी तो अंजाम ठीक नहीं होगा. सुबह किसी तरह पीड़िता घर पहुंची. डरी-सहमी लड़की ने किसी को कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन तबीयत बिगड़ने के बाद जब परिजनों ने पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया. दो दिन पहले लड़की अपने परिजनों के साथ कुड़ू थाना पहुंची तथा कुड़ू पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया. कुड़ू थाना में पांच युवकों पर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने को लेकर सामूहिक दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. आरोपियों की तलाश में छापेमारी थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है. लड़की का मेडिकल चेकअप कराया गया है. आरोपी फरार है. पुलिस मामले की जांच कर रही है कि दुष्कर्म की घटना में कौन-कौन शामिल हैं. आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है.

# रांची लोकसभा सीट से जेबीकेएसएस के प्रत्याशी देवेंद्र महतो गिरफ्तार

## नॉमिनेशन करने पहुंचे से समाहरणालय



**रांची।** जेबीकेएसएस के रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी देवेंद्र महतो को शनिवार को समाहरणालय परिसर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. देवेंद्र महतो को लालपुर थाना अंतर्गत एक कांड में गिरफ्तार किया गया है.

**मुझे नॉमिनेशन करने से रोकने की साजिशः देवेंद्र महतो** गिरफ्तारी के बाद लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र महतो ने कहा कि वह जैसे ही नॉमिनेशन करने के लिए समाहरणालय पहुंचे, उन्हें नॉमिनेशन नहीं करने दिया गया. पुलिस ने जबरन समाहरणालय परिसर से उन्हें गिरफ्तार कर लिया. देवेंद्र महतो ने कांग्रेस और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से लोकतंत्र की हत्या है. उन्हें नॉमिनेशन नहीं करने दिया जा रहा है, लेकिन जनता सच्चाई से वाकिफ है. लोकसभा चुनाव में रांची की जनता जवाब जरूर देगी. गिरफ्तार देवेंद्र महतो का सदर अस्पताल रांची में मेडिकल जांच कराया गया इसके बाद उन्हें रांची सिविल कोर्ट के एमपीएमएलए कोर्ट में पेश किया है. जहां से उन्हें न्यायायिक हिरासत में सीधा जेल भेज दिया गया है. कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस की ओर से सिविल कोर्ट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. पूरा कोर्ट परिसर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था. वहीं सुनवाई के दौरान देवेंद्र महतो के साथ उनके वकील भी मौजूद रहे. कोर्ट में उन्होंने आग्रह किया कि उनके मुवक्किल को नॉमिनेशन फाइल करने की अनुमति दी जाए. जिसके बाद न्यायाधीश की तरफ से उनके प्रस्तावक को पेश होने के लिए कहा गया है. बता दें कि देवेंद्र महतो, जयराम महतो और मनोज यादव सहित कई नेता मिलकर लगातार झारखंड में आंदोलन कर रहे हैं. वर्ष 2021 और 2022 में कोविड प्रोटोकॉल तोड़ते हुए देवेंद्र महतो पर धरना-प्रदर्शन करने का आरोप है. इसी मामले में पुलिस ने उन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया है.

# चतरा के विकास को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा : कालीचरण सिंह

**सिमरिया(चतरा)**। चतरा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शनिवार को चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों से मिल कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चतरा के विकास को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।पीएम नरेंद्र मोदी का दस वर्ष का काल ट्रेलर था, देश व क्षेत्र का विकास अभी बाकी है। भारत को विकसित देश बनाना है। इसके लिए आप सभी मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। इस बार देश के मतदाताओं ने 400 पार का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता आपस में लड़ रहे हैं। यहां के सुख दुख व परेशानी से कोई लेना देना नहीं है।

# हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी संजय मेहता का नामांकन हुआ स्वीकृत

## झारखंड को बचाने के लड़ाई में साथ दीजिए : संजय मेहता

## रामगढ़ के गोला प्रखंड में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**गोला(रामगढ़**। जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने हज़ारीबाग लोकसभा से अपना नामांकन पर्चा भरा है। शनिवार को स्क्रूटनी में संजय द्वारा भरे गए 4 सेट में सभी पत्र निर्वाचन कार्यालय हज़ारीबाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले संजय इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं। शुक्रवार और शनिवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। संबोधित कर जनसमर्थन की अपील किया। क्षेत्रवासियों के लिए संजय का संघर्ष हज़ारीबाग सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है। युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है। प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने कहा है कि झारखंड की राजनीति में जो राजनीतिक परिपाटी चल रही है उसमें बदलाव जरूरी है। किसान, मजदूर और गरीब का बेटा - बेटी में नेतृत्व की बागडोर देने का वक्त आ गया है। इस बार जेबीकेएसएस के जितने भी साथी चुनावी मैदान में है। सबका साथ दीजिए। आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजिए। तभी आपके हक और अधिकारों की बाद संसद भवन में गूंजेगी। स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की आवाज बुलंद होगी। संजय ने कहा है कि झारखंड को बचाने की इस लड़ाई में सबका सहयोग जरूरी है। संघर्ष करते हुए हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। इस बार जनता को जागरूक होकर मतदान करना है। बदलाव की गाथा लिखना है।

# सीसीएल के नये सीएमडी ने किया बरका-सयाल प्रक्षेत्र का दौरा



**उरीमरी**। सेंट्रल कोल फिल्ड लिमिटेड के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने शनिवार को सीसीएल बरका सयाल प्रक्षेत्र का दौरा किया। सीएमडी के बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचने पर अजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही सीएमडी ने बरका सयाल क्षेत्र का जायजा लिया। सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह बिरसा परियोजना, उरीमरी परियोजना ,न्यू बिरसा परियोजना ,नवनिर्मित सीएचपी साइलो, सयाल डी कोलियरी पहुंचे। जहां सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सेफ्टी को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही कल महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये ।वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर दिए सीएमडी स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए और समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान भरोसा भी दिलाया। निरीक्षण के दौरान जीएम अजय सिंह,एस ओएम,ईएडएम, अमरेंद्र कुमार, विरसा पीओ डी शिवादास सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वीप" अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी के द्वारा शानिवार को महर्षि परमहंस बी ए ड कॉलेज में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर उपस्थित सभी बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया इसके उपरांत आगामी 20 मई 2024 को अपने अपने आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए पोस्ट के माध्यम से "वोट करेगा रामगढ़, 20 मई" "चुनाव का पर्व देश का गर्व" #Main Bhi ElectionAmbassador थीम के तहत मतदाता मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर विक्रम सोनी ने सभी विद्यार्थियों व मतदाताओं से आगामी 7 मई को आयोजित होने वाले #Main Bhi Election Ambassador आभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही सभी से आगामी 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित महा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की वही उन्हकने सभी को अभियान के तहत अपने-अपने सोशल साइट पर मतदाता जागरूकता सेल्फी के साथ हैश टैग #MainBhiElectionAmbassador के साथ कंटेंट अपलोड करने की जककनकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से पीपीआई फेलो श्वेता वर्मा, प्राचार्य डॉ जी आर चोरिया, शिक्षक नीलकमल सिंह, जय झा, चंचल कुमारी, डॉ पूनम सिंह, संजू उरांव, दिनेश बरमुंडा दिनेश बरमुंडा,जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# अमन साहू गैंग के तीन गुर्गे हुए गिरफ्तार,एटीएस ने की बड़ी कार्रवाई



**रांची/रामगढ़** । झारखंड एटीएस द्वारा अपराधियों के ऊपर बड़ी कार्रवाई की गई है. एंटी टेरेरिस्ट स्कवाड की टीम ने अमन साहू गैंग के तीन खूंखार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हथियार बरामद किया है। झारखंड पुलिस की एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अमन साहू गैंग के तीन अपराधी पतरातु के संकुल और जयनगर के आसपास छुपे हुए हैं। एटीएस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम तैयार कर छापेमारी की और तीनों अभ्युक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से 2 देशी पिस्टल, 21 जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किया है।गिरफ्तार अपराधियों का नाम विकास कुमार(24), गुलशन कुमार(19) और माहताब आलम(19) है। गिरफ्तार अपराधी विकास कुमार ने पूछताछ में बताया कि अपराध में इस्तेमाल पल्सर 220 वाहन उसके साथी इम्तियाज अंसारी के घर में है। पुलिस ने इम्तियाज अंसारी के घर से बाइक को बरामद कर लिया है। आपको बता दें कि इम्तियाज अंसारी भी अमन साहू गैंग का हस्सिा है और फरार हैल्ल

**पुलिस को बहुत दिनों से थी तलाश–** पुलिस इन अपराधियों की लंबे अरसे से तलाश कर रही थी. इनके खिलाफ फायरिंग के तीन मामले दर्ज है. इन्होंने रांची के ओरमाझी में भारतमाला प्रजेक्ट स्थल में फायरिंग की थी. इन लोगों ने 6 फरवरी, 9 फरवरी और 6 मार्च को फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था. 9 फरवरी को इन लोगों ने भरकुण्डा के रहने वाले स्वामी सिद्धांत बाउरी नाम के व्यक्ति के ऊपर भी फायरिंग की थी. इस मामले में भरकुण्डा थाने में मामला भी दर्ज किया गया था. फायरिंग की घटना को लेकर पूर्व में पुलिस ने अमन साहू गैंग के दो अन्य अपराधी राजा अंसारी और मनिन्दर कुमार को गिरफ्तार किया था. आपको बता दें पुलिस ने हाल के दिनों में अमन साहू गैंग के ऊपर लगातार कार्रवाई कर रही है।

# नरेंद्र मोदी की सरकार में योजनाओं में कट मनी नहीं लगती, पूरा पैसा खाते में आता है : भजन लाल शर्मा

- विपक्ष भगवान राम को काल्पनिक बताता है
- कश्मीर में धारा 370 हटाने पर एक कंकड़ भी नहीं चला
- धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील



**धनबाद।**राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 अप्रैल को धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने धनबाद में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद इस देश के भीतर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 से पहले देश की स्थिति सभी ने देखी होगी। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार भी ऐसे होते थे कि उसे गिना नहीं जा सकता था। 2014 से पहले देश के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे। सरहद से सैनिकों का सिर काट कर ले जाते थे। वर्ष 2014 के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवाकर कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम 1 भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री 100 डालते हैं, तो खाते में पूरे पूरे पैसे आते हैं। किसानों को किसान सम्मन निधि मिलती है। कहीं कोई कट मनी नहीं लगती है। यह 2014 के बाद का परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि पहले माता-बहनें परेशान रहती थी। शौच के लिए रात होने का इंतजार करती थी। भोर होने से पहले जाती थी। माता बहनों को शौचालय देकर सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मां बहने खाना बनाने में परेशान रहती थी। बारिश में यह बढ़ जाती थी। आंख और फेफड़ों में धुआं जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला का कनेक्शन देकर मां-बहनों को सम्मान देने का काम किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद विकास की रफ्तार में तेजी आई। 6 लेन की सड़के बना रही है। रेलवे में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़कर पांच गुनी हो गई है। दुनिया के भीतर भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले पिछड़ा, दिनहीन भारत का चेहरा विश्व में दिखते थे। आज सारी दुनिया भारत की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखती है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच में फंसे भारत के नौजवानों को सुरक्षित निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में 25 में से 25 सीटें लोकसभा में आ रही है। इस बार झारखंड में भी 14 में से 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की होने वाली है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है। श्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष कहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटेगी। खून की नदियां बह जाएगी। जो लोग ऐसा कहते थे, उनको जवाब मिल गया। धारा 370 हटाने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं फेंका गया। जब हम कहते थे कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। विपक्ष वाले कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। अब भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। विपक्ष ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का काम किया। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया। जो भगवान राम के नहीं है, तो राम उनके कहां से रहेंगे। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी। राज्य में भाजपा सरकार बनने पर धनबाद से गुंडागर्दी खत्म होगी : बाबूलाल मरांडी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। इस गर्मी और विपक्ष के चुनौती को भी स्वीकार करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहने पर सरहद की सुरक्षा मजबूत हुई।आम लोग भय मुक्त होकर जीवन बसर कर रहे हैं। धनबाद शहर में आज लोग भयभीत हैं। यहां से आए दिन हत्या की खबर आती है। रंगदारी मांगने की खबर आती है। जनता को इतना विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में 6 महीने बाद भाजपा की सरकार बनने पर धनबाद में चल रहा है गुंडागर्दी को रातों-रात से खत्म कर दिया जाएगा। आम जनता के सहयोग से ही यह संभव हो सकेगा। इसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव से करनी है। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का विकास होता है जनता का विकास होता है। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर लोग अपना विकास करते हैं। परिवार का विकास करते हैं। देश के लिए गरीबों के लिए राज्य के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। देश में नरेंद्र मोदी को फिर से बनाने के लिए वोट दें।

**नरेंद्र मोदी को देश तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाना है : अमर बाउरी–** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक चुनने के लिए मतदान करना है। हर परेशानी को दरकिनार कर शत प्रतिशत मतदान का प्रयोग कर धनबाद से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। विरोधियों के दांत पहले ही खट्टे थे। जनता ने उनके दांतों को और खट्टा करने का काम किया है। उसके हौसले को पस्त करने का काम किया है।

**प्रधानमंत्री ने सिंदरी खाद कारखाना को पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक काम किया : सुदेश महतो–**आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि विपक्ष की कोई चुनौती यहां नहीं दिख रही है। यह चुनाव पूरे भारत के नेता का चुनाव है। एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए धनबाद से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। विपक्ष के पास नेता का कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। जिस गठबंधन का कोई चेहरा नहीं, तो उसे वोट नहीं। यही मानकर जनता को वोट करना है। देश प्रधानमंत्री चुनने निकला है और प्रधानमंत्री ऐसा चाहिए जो 10 साल से परखा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंदरी कारखाना को पुनर्जीवित कर ऐतिहासिक काम किया है। आईएसएम को आईआईटी का दर्जा देने का काम किया है।

**ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा : ढुल्लू महतो–**प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि एक मजदूर के बेटा को भारतीय जनता पार्टी ने धनबाद से उम्मीदवार बनाया है। जीतने के बाद मैं ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक काम को धरती पर उतरने का काम करूंगा। आम जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर धनबाद सांसद पीएन सिंह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक बिरंची नारायण, राज सिन्हा, अपर्णा सेनगुप्ता,लंबोदर महतो,गणेश मिश्रा,सरोज सिंह,सुरेश साव, सत्येंद्र कुमार, रोहित लाल सिंह, श्रवण राय, संजीव अग्रवाल, राजकुमार राज सहित अन्य उपस्थित थे।


# जेपीएससी घोटाला मामलाः सीबीआई ने दायर किया आरोप पत्र, 39 को बनाया आरोपी



**रांची ।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सीबीआई ने जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच से जुड़ी चार्जशीट अदालत में समर्पित कर दिया है. शनिवार को सीबीआई के न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सीबीआई के द्वारा जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है. सीबीआई के द्वारा दायर किए गए आरोप पत्र में 39 लोगों को आरोपी बनाया गया है. झारखंड राज्य अलग होने के बाद पहले और दूसरे जेपीएससी परीक्षा में जमकर धांधली को अंजाम दिया गया था. जांच में यह बात सामने आई थी कि कई लोग बिना कॉपी में लिखे ही अफसर बन गए. पहले जेपीएससी घोटाले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा शुरू की गई लेकिन बाद में जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को दे दी गई. सीबीआई ने जेपीएससी प्रथम के 62 और सेकंड के 172 अधिकारियों की नियुक्ति की जांच शुरू की थी. सीबीआई की जांच काफी लंबी चली, जिसमें उसे 12 साल का लंबा वक्त लग गया. हाई कोर्ट के निर्देश के बाद शनिवार को सीबीआई ने मामले में चार्जशीट दायर कर दिया है जिसमें 39 लोगों को आरोपी बनाया गया है. आपको बता दें कि जेपीएससी प्रथम का रिजल्ट 2004 में और सेकंड का रिजल्ट 2008 में जारी हुआ था. दोनों परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगा तो राज्य सरकार ने निगरानी को जांच का जिम्मा सौंप दिया. इसी बीच हाई कोर्ट में सीबीआई जांच की मांग को लेकर एक पीआईएल दर्ज की गई. हाई कोर्ट के तत्कालीन जस्टिस एन तिवारी ने 2012 में प्रथम बैच के 20 अधिकारियों के वेतन पर रोक लगाते हुए सरकार को उनसे काम लेने पर रोक लगा दिया था. इसके विरोध में एक कैंडिडेट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में हाई कोर्ट के द्वारा दिए गए सीबीआई जांच के आदेश को स्थगित करते हुए याचिकाकर्ता को काम पर रखने और वेतन देने का निर्देश दिया. इसके बाद सभी 20 अधिकारियों को पद पर बहाल रखा गया और जांच बंद हो गई. लेकिन साल 2017 में झारखंड सरकार ने फिर से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किया तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दी तब से मामले की सीबीआई जांच जारी थी.

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे दुलू महतो

## कहा, किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी



**धनबाद** । शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व. अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा प्रत्याशी दुलू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभाओं को विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। दुलू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### सरैया में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**मुजफ्फरपुर/सरैया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र की मरवापाकर पंचायत के कुलदीप छपरा गांव में एक नव विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाते हुए सरैया थाना में आवेदन दिया। इसमें दामाद टुल्लू कुमार, भाई संजीत राय, भाभी, बहनोई सहित पांच को नामजद किया है। रेवा बसंतपुर के राजेंद्र राय की पत्नी गायत्री देवी ने बताया कि पुत्री चंचला कुमारी की शादी थाना क्षेत्र के कुलदीप छपरा के शंकर राय के पुत्र टुल्लू कुमार के साथ 13 दिसंबर 2023 को चौमुखी महादेव मंदिर वैशाली में की थी। पहली बार घर आने के बाद अपनी पुत्री की विदाई क्षमता के अनुसार उपहार देकर किया था। उसके बाद दामाद टुल्लू कुमार एक लाख रुपया नकद, सोने की अंगूठी, चेन तथा बाइक की मांग करने लगे। नहीं देने पर पुत्री को मारकर गायब करने की धमकी देते थे। शुक्रवार की सुबह फोन पर पुत्री के बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना क्षेत्र के बनिया कदम चौक स्थित हॉस्पिटल में देखने पहुंची तो पुत्री की मौत होने तथा शव को गायब करने की जानकारी मिली। सरैया पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

### सिलबट्टे से सिर कूचकर महिला की हत्या

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना के शेरपुर गांव में शुक्रवार की देर रात आपसी विवाद में हुई मारपीट के दौरान सिलबट्टे से सिर कूचकर 50 वर्षीय मीणा देवी की हत्या कर दी गई। हत्या से पहले उसे बेरहमी से पीटा गया। वह गिर गई तो सिर पर सिलबट्टा पटक दिया। घटना के बाद हत्यारोपित युवक लालू महतो फरार हो गया। उसके पिता बिंदेश्वर महतो को सदर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मीणा के पति रामशरण महतो पुणे में पलदारी करता है। रामशरण महतो ने पुलिस को बताया की पट्टीदारी के बिंदेश्वर महतो के परिवार से आपसी विवाद को लेकर दिन में झगड़ा हुआ था। उसका पुत्र लालू महतो ने दिन में हुए झगड़े को आधार बनाकर रात में मीणा की बेरहमी से पिटाई करने लगा। इस दौरान मीणा वहीं जमीन पर गिर गई तो उसके सिर पर सिलबट्टा पटक दिया, जिससे मौके पर ही मीणा की मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर एसकेएमसीएच भेज दिया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। थानेदार अस्मित कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर हत्या की एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### महिला ने गंडक नदी में लगाई छलांग

**मुजफ्फरपुर/सरैया, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर-छपरा सीमा स्थित रेवाघाट पुल से शुक्रवार की शाम एक महिला ने पति से विवाद के बाद रेवाघाट स्थित गंडक नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस बीच तरबूज किसानों ने महिला को नदी की धारा में बहता देखकर करीब सात सौ मीटर आगे उसे सकुशल निकाल लिया। नदी से बाहर निकलने के बाद महिला बेहोश हो गई। उसकी पहचान रेवा के विरेंद्र सहनी की पत्नी सरस्वती देवी (32) के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची मकेर पुलिस बेहोशी की हालत में महिला को मकेर पीएचसी में भर्ती कराया। होश में आने के बाद महिला ने पुलिस को अपना पता बताया, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन महिला को अपने साथ घर ले गए। महिला ने पुलिस को बताया कि पति से विवाद हुआ था, जिससे आक्रोशित होकर वह रेवाघाट पहुंची और आत्महत्या की नीयत से नदी में छलांग लगा दी।

### आरा में संदेहास्पद स्थिति में बुजुर्ग की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के संदेश थाना इलाके के संदेश गांव में शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं लोगों ने आशंका जताई कि लू लगने से मौत हो गई है। मृतक बुजुर्ग पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के मौदही गांव निवासी स्व.छठु साह के 60 वर्षीय पुत्र किशोरी साह है। वह करीब 32 वर्षों से संदेश बाजार स्थित ए दुकान में काम करते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह उक्त दुकान से सब्जी का बोझा लेकर संदेश बाजार पहुंचाने गए थे। उसी दौरान वह अचानक सड़क किनारे गिर पड़े और वहीं पर उनकी मौत हो गई। जिसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक बुजुर्ग की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है।

# बिहार को मिलेंगी नई वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें

## समस्तीपुर मंडल के इन रूटों पर चलाने की तैयारी

**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार को जल्द ही अलग-अलग रूटों पर वंदे भारत एक्सप्रेस, वंदे भारत स्लीपर और अमृत भारत ट्रेनें मिलने वाली हैं। इससे राज्य के विभिन्न शहरों से दिल्ली, हावड़ा जैसे रूट पर यात्रा करने वाले लोगों को सुविधा होगी। रेलवे बोर्ड मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर मंडल के जयनगर स्टेशन से 15 जून 2024 के बाद कभी भी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू कर सकता है।

इसको लेकर आधिकारिक अधिसूचना जल्द जारी की जा सकती है। फिलहाल, इस रूट पर ट्रैक की स्पीड 130 किलोमीटर प्रति घंटा करने की कवायद चल रही है। इसके मई के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। स्पीड बढ़ाने को लेकर जारी रेल पथ मरम्मत का काम भी पूरा होने वाला है। वंदे भारत के अलावा अमृत भारत एक्सप्रेस





और वंदे भारत (स्लीपर वर्जन) का भी पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्राधिकार से परिचालन होगा। रेलवे के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि मुजफ्फरपुर से दिल्ली, जयनगर से दिल्ली वाया मुजफ्फरपुर होकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की तैयारी है। इसके अलावा सहरसा-हावड़ा रूट पर भी नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। वहीं, पटना से नई दिल्ली के बीच स्लीपर वर्जन वाली वंदे भारत चलाने की योजना है। दरभंगा से दिल्ली और रक्सौल से दिल्ली के लिए एक-एक अमृत भारत ट्रेन का परिचालन भी होगा। फिलहाल, दिल्ली से दरभंगा वाया सीतामढ़ी होकर अमृत भारत का परिचालन हो रहा है। हालांकि, यह साप्ताहिक है।

### पांच घंटे से अधिक की होगी बचत

रेलवे अधिकारियों का कहना है वंदे भारत ट्रेन चलने के बाद मुजफ्फरपुर से दिल्ली जाने में पांच से छह घंटे के समय की बचत होगी। फिलहाल, सुपरफास्ट ट्रेन करीब 18 घंटे का समय लेती है। वंदे भारत से 12 से 13 घंटे ही लगेंगे। हालांकि, किराया में करीब डेढ़ गुना से अधिक का अंतर होगा।

### वंदे भारत के लिए उठ चुकी है मांग

मुजफ्फरपुर से वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग कई बार रेलवे के समक्ष उठ चुकी है। जनप्रतिनिधि से लेकर व्यवसायिक संगठन तक इसके लिए रेलवे बोर्ड और रेल मंत्री को पत्र भेज चुके हैं। बताया जाता है कि मुजफ्फरपुर के लोगों की मांग पर रेलवे तत्काल मुजफ्फरपुर और जयनगर से एक-एक वंदे भारत और मुजफ्फरपुर से हावड़ा के लिए एक अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन पर अंतिम मुहर लगाने जा रहा है।

## महंगी पड़ेगी चुनाव कार्य में लापरवा, बेगूसराय के डीएम ने 45 कर्मियों पर एफआईआर करने का दिया आदेश



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के कुछ सरकारी कर्मचारी निर्वाचन आयोग के काम को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। ऐसे ही 45 कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम रोशन कुशवाहा ने दिया है। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर बीपी इंटर उच्च विद्यालय एवं एमआरजेडी कॉलेज में 2380 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान दो एवं तीन मई को 45 कर्मी अनुपस्थित पाए गए हैं। इन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी। डीएम ने बताया कि अभी प्रशिक्षण चल रहा है, एक बार फिर छह मई को प्रशिक्षण में उपस्थित होने का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर यह लोग छह को भी उपस्थित नहीं हुए तो सभी पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निर्वाचन कार्य में लापरवाही किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**इन लोगों पर होगी कार्रवाई :** उन्होंने बताया कि एमआरजेडी कॉलेज में स्थित प्रशिक्षण केंद्र से दीपेश्वर यादव, डब्लू कुमार, धीरज कुमार, तुषार कांत, प्रिंस कुमार, दीपक कुमार, कौशल किशोर मिश्रा, दिग्विजय कुमार, वीरेन्द्र कुमार, अभिलाष कुमार, धीरेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, शशि भूषण चौधरी, मणि भूषण सिंह, मसीह आलम, अब्दुल जब्बार, रंजीत रजक, निर्णय कुमारी, किरण कुमारी एवं मोनी कुमारी अनुपस्थित पाए गए हैं।

जबकि बीपी इंटर स्कूल प्रशिक्षण केंद्र के निरीक्षण में मोहम्मद एहसानुल्लाह, रोजी, संदीप कुमार, अमन कुमार गौतम, ललन राय, सारिका कुमारी, रामकुमार, राजकुमार एवं राजेश कुमार अनुपस्थित पाए गए हैं। इससे पहले दो मई के प्रशिक्षण में एमआरजेडी कॉलेज प्रशिक्षण केंद्र से शशि कुमार, मनोज यादव, प्रिया रानी, मनोज कुमार सिन्हा, श्रीलाल यादव, अजय कुमार, बमबम कुमार, रानीद कुमार रमण, रमेश कुमार पासवान, ऋषिदेव कुमार, दीपमाला कुमारी एवं दिनेश कुमार अनुपस्थित पाए गए थे। उस दिन बीपी स्कूल प्रशिक्षण केंद्र से अमरेश कुमार अंशु, मृत्युंजय कुमार ठाकुर, संगीता कुमारी एवं मोहम्मद इफ्तिकार वासी अनुपस्थित पाए गए थे।

## गया में 6 चोर का गांव वालों ने सिर मुंडवाया, पंचायत के फरमान के बाद गांव में भी घुमाया

### पुलिस का दावा- SIT गठित कर हमने दबोचा

**गया, एजेंसी।** गया जिले के गुरारू पुलिस ने मोटर पम्प चुराने वाले 3 लड़कों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 3 नाबालिग को भी पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि केस दर्ज किए जाने के 4 घण्टे के भीतर ही चोरी कांड का खुलासा कर दिया। लेकिन सच्चाई यह नहीं है। चोरों को ग्रामीणों ने न केवल पकड़ा बल्कि एक पंचायत लगा कर चोरों के पहले सिर मुंडवाए गए और फिर गांव में भी घुमाया गया। इस बीच पुलिस को भनक लगी तो वह गांव वालों के चंगुल से चोरी करने वाले लड़के को छुड़ा कर थाने ले गई। इसके बाद उसने नए सिरे से कहानी का प्लॉट तैयार कर अपनी उपलब्धि गिनाने में जुट गई। 29 अप्रैल की रात में गुरारू के रोदामठ रामू बिगहा के रहने वाले ईश्वर यादव के खेत में लगे केबिन से चोर मोटर पम्प चुरा ले जाते हैं।

चोरी की घटना के दो दिन बाद 2 मई को गांव वालों को पता चलता है कि दो युवक चोरी की मोटर बेचने की फिराक में हैं। इस पर गांव वाले सक्रिय हुए और उन दोनों लड़कों को पकड़ लिया। पकड़े गए लड़कों की मदद से अन्य 4 लड़कों को भी ग्रामीण पकड़ लेते है। यानी कुल छह लड़के पकड़े जाते हैं। इसके बाद गांव में पंचायत लगती है जहां उन लड़कों की धुनाई होती है। यही नहीं उस पंचायत में फरमान जारी होता है कि चोरी करने वाले सभी लड़कों के सिर का मुंडन कर दिया जाए और गांव में घुमाया जाए। पंचायत के फरमान पर चोरी करने वाले सभी लड़कों के सिर बेतरतीब तरीके से मुड़ दिए जाते हैं और फिर उन्हें गांव में घुमाने की तैयारी की जाती है। लेकिन इस बीच



गुरारू की पुलिस को गांव में हो रहे तमाशे की भनक लग जाती है। पुलिस मौके पर पहुंचती है और सभी लड़कों को अपने कब्जे ले लेती है। पुलिस का कहना है कि वादी ईश्वर यादव द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि इनके खेत में सबमर्सिबल लगा हुआ था। रात में ब्रजेश कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उक्त सबमर्सिबल को बोरिंग से निकला कर चोरी कर लिया। सुबह मे वो जब ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन कर रहे थे, तो सूचना मिली की दो लड़के सबमर्सिबल लेकर बेचने जा रहे हैं। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से सबमर्सिबल के साथ दोनों लड़कों को पकड़ कर गुरारू थाना को सुपुर्द किया गया। इस संबंध में गुरारू थाना द्वारा कांड संख्या-72/24, दिनांक-02.05.2024, धारा-379/414/34 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में ब्रजेश कुमार,रंजीत कुमार और इम्तेयाज अंसारी शामिल है। इसके अलावा तीन विधि विरूद्ध बालक भी निरुद्ध किए गए हैं।

## आदेश ! विश्वविद्यालयों के बैंक खातों से रोक हटेगी : पटना हाईकोर्ट

पटना , एजेंसी। पटना हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालयों के बैंक खातों और अधिकारियों के वेतन पर शिक्षा विभाग की रोक को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने अगले आदेश तक सभी विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की हिदायत भी दी। मामले पर अगली सुनवाई की तारीख 17 मई तय की। इससे पहले सुनवाई के दौरान विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने शिक्षा विभाग की बैठक में शामिल होने पर अपनी सहमति दी। उनका कहना था कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में होनी चाहिए। किसी के साथ बदसलूकी न हो। इस बात पर शिक्षा विभाग की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट को बताया कि पूरी बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी और कोई भी अधिकारी किसी के साथ बदसलूकी नहीं करेंगे, लेकिन विश्वविद्यालयों के कुलपति और अन्य अधिकारी भी पूरा सहयोग करें। कोर्ट ने बैठक के लिए छह मई की तारीख तय की है। राज्य के विश्वविद्यालयों की ओर से दायर रिट याचिकाओं पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश




न्यामूर्ति अंजनी कुमार शरण की एकल पीठ ने शुक्रवार को एक-एककर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया राशि का भुगतान करेंगे और कर्मचारियों का वेतन जारी किया जाएगा।

**मतभेद मिटा सभी बैठक में शामिल हों कुलाधिपति :** कुलाधिपति की ओर से वरीय अधिवक्ता डॉ केएन सिंह और राजीव रंजन कुमार पांडेय ने कोर्ट को बताया कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए सभी को आपसी मतभेद मिटा कर बैठक में भाग लेना चाहिए। उनके ही सुझाव के बाद कोर्ट ने बैठक में भाग लेने की बात कही। जिस पर सभी पक्षों ने सहमति जताई और कोर्ट ने सरकार के खर्चे पर बैठक की तारीख, समय और स्थान तय किया। इस बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्तिय सलाहकार को भाग लेने का आदेश दिया गया। वहीं शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के साथ अपर मुख्य सचिव को भी बैठक में भाग लेने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि अगर बिहार के मुख्य सचिव उस दिन व्यस्त नहीं रहेंगे तो उनकी अध्यक्षता में बैठक हो।

**थोड़ी कड़ाई पर सभी विचलित हो गए महाधिवक्ता :** राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कहा कि जितना पैसा विश्वविद्यालयों को दिया जा रहा हैं, उतना छात्रों को दे दिया जाये तो वे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर लेंगे। राज्य सरकार लगभग 5 हजार करोड़ रुपयो हर साल देती है और शिक्षा का स्तर अन्य राज्यों के तुलना में काफी खराब है। शिक्षा की बदतर स्थिति के कारण छात्रों का पलायन जारी है। उनका कहना था कि विभाग ने थोड़ी कड़ाई क्या की, सभी बिचलित हो गये। छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने बताया कि कोई भी विश्वविद्यालय समय पर परीक्षा नहीं ले रहा। परीक्षा समय पर लेने के लिए बैठक बुलाई गई तो कुलपति नहीं आए। कोर्ट में सभी कानून की बात कर रहे हैं लेकिन यह नहीं बता रहे हैं कि आखिर किस कानून के तहत विश्वविद्यालय पीएल खाते में पैसा रखते हैं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, मृतक के बेटी ने चाचा पर लगाया हत्या का आरोप



**जमुई, एजेंसी।** किउल-जसीडीह रेलखंड के बीच लाहाबन रेलवे फाटक संख्या स्पेशल 33 के पास अप ट्रैक पर पोल संख्या 336/5- 336/7 के बीच शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिमुलतला थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी स्व. कारू यादव का 32 वर्षीय पुत्र पवन यादव के रूप में हुई है। रेलवे ट्रैक पर शव होने की सूचना पर कल्याणपुर, पियारफेड, बक्सा, खोनाडाबर और लाहाबन गांव के ग्रामीणों को लगी। ले लोग घटना स्थल पर शव देखने के लिए जमा हो गए। मृतक का दोनों पैर रेलवे ट्रैक के किनारे व शरीर करीब आधा किमी दूर तक बिखरा था। आसनसोल रेल डिवीजन के अप ट्रैक के बीचों-बीच शव पड़ा रहा और शव के ऊपर से ट्रेनें दौड़ती रही। स्थानीय लोग रेलवे के इस रवैया से काफी नाराज थे।

**मरे पिता आत्महत्या नहीं कर सकते :** मृतक पवन यादव की बेटी ज्योति कुमारी और सोनी कुमारी ने कहा कि घर बनाने को लेकर मेरे पापा और बड़े पापा विनोद यादव के बीच विवाद चल रहा था। उसी विवाद को लेकर गुरुवार को मेरे बड़े पापा विनोद यादव और बड़ी मां ने मिलकर मेरी मां और पापा के साथ मारपीट की थी। जिसे लेकर आज सरपंच के कचहरी में पंचायत होने वाली थी। मेरे पिताजी ने आत्महत्या नहीं की है। मेरे पापा को मेरे बड़े पापा विनोद यादव और बड़ी मां ने मिलकर मार दिया है। शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया है। मेरी मां गूंगी होने के कारण बोल नहीं सकती है। सिमुलतला थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया यह मामला रेल पुलिस का है। शव को कब्जे में लेकर फिलहाल पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## होटल में अपराध की साजिश रच रहे 9 बदमाश अरेस्ट



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर पुलिस ने नवगछिया के एनएच- 31 के किनारे बंधु होटल में अपराध की साजिश रच रहे 9 अपराधियों को अरेस्ट किया है। इनके पास से हथियार, कैश और अन्य सामान बरामद हुए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी बिहार के अलग-अलग जिले के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अपराधी में पांच आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग जिलों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। शुक्रवार को नवगछिया एसपी पुरण झा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ह॥ के किनारे एक होटल में कुछ अपराधी जमा हुआ हैं। पुलिस की टीम ने होटल से 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, 21 हजार नगद, एक मोबाइल, पांच कीपैड मोबाइल, एक पासबुक, दो ब्लैंक चेक, दो आधार कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान कमालपुर निवासी अरुण तिवारी के पुत्र अजीत तिवारी, साहब तिवारी के पुत्र अक्षय तिवारी, हाजीपुर जिले के निवासी मनोज तिवारी के पुत्र राहुल कुमार, वैशाली जिला निवासी नंदू पांडे के पुत्र शत्रुघ्न पांडे, राम विजय पांडे के पुत्र गोविंद पांडे, रामाशीष पांडे के पुत्र आशीष पांडे, राजेश मिश्रा के पुत्र छोटू मिश्रा एवं बेगूसराय के निवासी अरविंद पांडे उर्फ दीपक एवं मुजफ्फरपुर के निवासी राजेंद्र मिश्रा के पुत्र राहुल कुमार उर्फ दुधानी मिश्रा शामिल है। सभी अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## सीतामढ़ी से अब विदेशों में भी सप्लाई होगा आम



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी का पहला ऑनलाइन आम स्टोर अपना खेत से इस सीजन में जर्दा, बंबइया और मालदह आम की पहली खेप विदेश भेजी जाएगी। इस स्टोर का आम सिर्फ अभी भारत के 18 राज्यों में भेजी जा रही थी। लेकिन अब दुबई, स्वीडन और यूएसए भेजा जाएगा। बताया गया की पिछले साल भी विदेश से ऑर्डर आया था, लेकिन तकनीकी कारणों से सप्लाई नहीं हो सकी थी। इस अपना खेत स्टोर द्वारा पैक की गई आम 10 दिन तक खराब नहीं होती है। ऐसे में इनकी ब्लू डार्ट के अलावा इस बार डाक घर के निर्यात सेवा से आम को विदेश भेजने की प्लानिंग चल रही है। फिलहाल अपना खेत को तीन देश से ऑर्डर आया है। इसके अलावा भारत के 18 राज्य में सप्लाई की जा रही है।

**वैज्ञानिक तरीके से आम का उत्पादन :** दरअसल, जिले के बथनाहा प्रखंड क्षेत्र के मझौरा गांव निवासी अपना खेत के संचालक कृषि समन्वयक और अग्रणी आम उत्पादक किसान आलोक कुमार ने ये सुविधा शुरू की है। आलोक कुमार मालदह, बंबइया, जर्दा समेत अन्य किस्म के आम का आधुनिक उत्पादन करते हैं। इसके द्वारा वैज्ञानिक तरीके से आम का उत्पादन किया जाता है। लोग आम में कीड़े मारने के लिए दवा का प्रयोग करते हैं। लेकिन यह,एक डब्बा लगाकर उसमें मादा प्रजाति का कीड़ा डालते हैं। इसकी वजह से सारा कीड़ा डब्बे में चला जाता है। जहां से उसका निकलना मुश्किल है और आम भी सुरक्षित रहता है।

**पहली बार में 2 राज्यों में हुआ था आम सप्लाई :** आलोक कुमार आम टूटने के बाद एक महीने बाद से ही पेड़ों को अगले साल के लिए तैयार करने लगते हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने से ही आम के पेड़ का देखभाल शुरू कर देते हैं।

इसकी वजह से आम का उत्पादन सोच से अधिक होता है। आलोक कुमार ने बताया कि उनका 15 एकड़ में आम की खेती है। कोरोना काल में आम नहीं बिक रहा था और किसान चिंतित थे। तब इनके दिमाग में आम का ऑनलाइन सप्लाई का दिमाग आया। इसके बाद इन्होंने अपना खेत नामक साइट बनाई। उसका रजिस्ट्रेशन भी कराया और बिजनेस शुरू किया।

### सीतामढ़ी के कई गांव से कलेक्ट करते हैं आम

इतना ही नहीं पिछली बार विदेश से भी आम का डिमांड शुरू हुआ। लेकिन तकनीकी कारणों से आम विदेश नहीं पहुंचा। लेकिन इस बार विदेश भेजने का प्लान चल रहा है। आलोक कुमार ने बताया कि वह हवाई जहाज के माध्यम से देश के सभी राज्यों में आम सप्लाई करते हैं। इस कार्य में किसान आलोक कुमार के साथ कई मजदूर काम करते हैं। इसके अलावा अब जिले के किसान इनसे मिलकर अपने आम को इन्हीं के हाथ बेच देते हैं। अपने गांव के अलावा सीतामढ़ी के दर्जनों गांव से आम कलेक्ट करके आम का सप्लाई बड़े पैमाने पर करते हैं। जिनसे यह आम लेते हैं, उन्हें वह पहले खेती की ट्रेनिंग देते हैं कि किस तरीके से आम की खेती करनी है। उन्होंने बताया कि जिस आधुनिक तरीके से खुद खेती करते हैं, उसी तरह दूसरे किसान को उत्पादन का टिप्स देते हैं। इससे पहले उन्हें अपना खेत संस्था से रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com | sonvarshavani.com/epaper | ई-पेपर


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## ट्रूडो की गलती

कनाडा में रविवार को हुए एक कार्यक्रम में जिस तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते रहे, उस पर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर को तलब कर ठीक ही इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। खालसा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारतीय नेताओं को निज्जर का हत्यारा बताया गया था। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वहां मौजूदगी के बावजूद इन सबको रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश नहीं दिखी। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार राजनयिक पैमाने पर बिल्कुल फिट नहीं बैठता। दोनों देशों के रिश्ते अगर इस मोड़ पर आ गए हैं, जहां उनके बीच भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। भारत बार–बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। कनाडा में इन तत्वों को जिस तरह का खुला स्पेस दे दिया गया है, उसके पीछे वोट बैंक की राजनीति है। मगर लंबे काल में यह सबके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। अच्छा होगा कि कनाडा अपने पड़ोसी देश अमेरिका से सबक ले। स- में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे। लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया। स्वाभाविक ही भारत ने अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के दरम्यान नहीं आने दिया गया। निश्चित रूप से कनाडा इस मामले में एक बहुत बुरे उदाहरण के रूप में सामने आया है, लेकिन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां कई और देशों में मसला बनी हुई हैं। सभी संबंधित देशों को देर–सबेर यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक स्पेस की आड़ में किसी अन्य देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों को चलने देने की वकालत ठीक नहीं है।

## दवाओं पर सवाल

भ्रामक विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय का रुख कदापि नरम पड़ता नहीं दिख रहा है और उसके कड़े रुख का जमीनी असर दिखाई पड़ने लगा है। उत्तराखंड सरकार ने पंतजलि आयुर्वेद की 14 दवाओं के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। बेशक, सर्वोच्च न्यायालय की तारीफ की जा सकती है कि वह पूरे सोच–विचार के बाद ही सजा देने की ओर बढ़ रहा है। लोगों को लग सकता है कि सजा सुनाने में देरी हो रही है, लेकिन वास्तव में न्यायालय सभी पक्षों को सुनवाई का पूरा मौका देना चाहता है और यही न्यायोचित है। न्यायालय कथित औषधि के भ्रामक विज्ञापन के मामले में समाज के सामने व्यापकता में आदर्श रखना चाहता है। मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को भी अदालत ने फिर एक बार आड़े हाथों लिया। पिछली सुनवाई के समय शीर्ष अदालत ने कहा था कि एलोपैथिक डॉक्टर गैरजरूरी और महंगी दवाइयां लिखते हैं। यह बात आईएमए अध्यक्ष आर वी अशोकन को अच्छी नहीं लगी, तो उन्होंने अदालती टिप्पणी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया था। ध्यान रहे, आईएमए ही पंतजलि आयुर्वेद के खिलाफ अदालत गया है, पर आईएमए भी बेदाग नहीं है। गौर करने की बात है कि शीर्ष अदालत ने आईएमए के वकील से कह दिया है, ज्यादा गंभीर परिणामों के लिए तैयार रहें। मतलब, भ्रामक विज्ञापन प्रकरण में न केवल आयुर्वेद, बल्कि एलोपैथी की दुनिया को भी सबक लेने की जरूरत है। एलोपैथी को सफलतम व्यावहारिक उपचार विधि माना जाता है, पर यह नहीं मानना चाहिए कि वह सोलह आना सही है। आईएमए अध्यक्ष ने अहंकार और दुस्साहस का प्रदर्शन करते हुए यहां तक कह दिया था कि न्यायालय अस्पष्ट और अप्रासंगिक टिप्पणी कर रहा है और देश के चिकित्सा पेशे के खिलाफ व्यापक रुख अपनाना सर्वोच्च न्यायालय को शोभा नहीं देता है।

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना

*शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही है। ऐसे में मोबाइल या सोशल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।*

प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितन कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि वे फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यह तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफेक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चें को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दो चार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है।

# समाजवादी वैचारिकी के पर्याय मधु लिमये का जीवन वृत्त

(मणेन्द्र मिश्रा)

पचास के दशक में जब डॉ राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया।उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया।जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये,अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाये गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है ।जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गयी।जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया।इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है। मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे।प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी।जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन मे ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई। भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया,बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी हैं। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए।संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था।संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों- मजलूमों के आवाज थे।उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था।उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिये मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा,राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे।उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है,उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गयी बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारम्भ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अन्तर्सम्बन्धों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और सम्पूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5360

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 13 जून 1940 का जलियावाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या की (5)
5. एक बार सांस लेने का समय, बल (2)
7. खिंचकर कड़ा होना, फैलना (3)
8. जब एक-दूसरे के मत परस्पर मिलते हो (4)
9. मंत्री, शतरंज की एक मोहर (3)
10. मान-मर्यादा, प्रतिज्ञा (2)
11. प्रकार, ढंग, उपाय, युक्ति (3)
12. क्रय-विक्रय की सामग्री, भोजन (2)
13. नित्य प्रतिदिन, गुलाब (अंग्रेजी)(2)
14. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)
16. क्रोध या आवेश में आने का भाव (3)
18. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधियों के रक्षक कहे गए है (2)
20. पानी, जल, वारि, सलिल (2)
21. आंख के बीच का काला भाग जिसके मध्य प्रकाश की किरणें प्रवेश करती है (3)
23. नक्षत्र, सितारा (2)
24. पार्वती का एक नाम (2)
25. सिर्फ, केवल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्राणीशास्त्र के अनुसार तंतु समूह कोशिकाओं का बना अंग (3)
2. गणित में जोड़ का चिन्ह, संपत्ति, रूपैया-पैसा (2)
3. मनाने का काम (4)
4. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
5. बर्बरतापूर्वक दबाने वाला, अत्याचारी (5)
6. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
10. भारत की पहली सवाक (बोलती)फिल्म (5)
12. शिकस्त, पराजय (2)
15. दिनांक, तारीख (2)
17. किस समय, किस वक्त (2)
19. घायल, हानि पहुंचाया हुआ, जख्मी (2)
22. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक देश (2)

### वर्ग पहेली 5359 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | ■ | गु | ज | रा | त |
| गु | ल | ब | द | न | ■ | ति | ल |
| र | ■ | ड़ | ■ | गु | ला | ब | ■ |
| ■ | सं | ■ | बे | ना | म | ■ | ■ |
| सा | के | त | ■ | ना | का | ■ | मु |
| म | त | ल | बी | ■ | फ | की | र |
| वे | ■ | घ | न | ■ | ■ | क | ली |
| द | रा | र | ■ | सा | ग | क | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज धन के मामले में आपको रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। भावनात्मक रूप से दुःखी होंगे। आज आपके घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा और भाग्य आपका साथ देगा। निजी संबंधों के मामले में आप किसी से वादा न करें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में समय लाभपूर्ण होगा और किस्मत आपका साथ देगी। कारोबार में सफलता मिलेगी और भाग्य भी आपका साथ देगा। आज आप शॉपिंग के मूड में रहेंगे। आप खुलकर खरीदारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करने से आपका मन प्रसन्न होगा। पारिवारिक रिश्तों को आप अच्छी तरह निभाएंगे।

### कर्क
आज लाभ का दिन है और आपको स्थापित कारोबार में लाभ होगा। आज आपको साझेदारी के सौदे में लाभ होगा और आपके आपसी संबंधों में मिठास बनी रहेगी। त्रिपक्षीय साझेदारी करने के बारे में सोच सकते हैं। आज किसी नए दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है। संसाधन जुटाकर आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

### सिंह
आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी शानदार होगा। रुपये-पैसों के मामले में आप सचेत नहीं रहें, नहीं तो आपके हाथ से कोई मौका जा सकता है। आप एक शानदार और निजी अनुभव से वंचित हो सकते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में आप बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। मकर राशि का व्यक्ति आपके लिए सदैव मददगार साबित होगा।

### मिथुन
आज आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। अपने काम पर फोकस करें तो आपको लाभ होगा। अत्यधिक भावुकता से बचें। अतीत के बोझ को न ढोएं, वरना आपको सिर्फ दुख मिलेगा। निजी संबंधों के मामले में भावनाएं हावी रहेंगी। पुरानी लतों को छोड़ दें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### कन्या
आज काम के लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन सफलता से भरा होगा। निजी और व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे। अभिभावकों से आपको लाभ होगा।

### तुला
आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। निजी संबंधों के मामले में आपको मतभेद का सामना करना पड़ सकता है। आपको आज किसी अपने की मदद करनी पड़ सकती है। जिंदगी के तल्ख अनुभवों से सबक लेकर आगे बढ़ें और अपने काम पर ध्यान दें। अपने स्वभाव में हंसी खुशी को बरकरार रखें तो आपको फायदा होगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक मामलों में बदलाव का दिन है। तो फैसले लेंगे वो सही साबित होंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और आपको इसमें सफलता भी मिलेगी। आज आपको आय के मामले में लाभ होगा। आप दूसरों से अपनी भावनाओं को छिपाने में सफल होंगे। आपका मन हल्का हो जाएगा। दूसरों को माफ करना सीखें।

### मकर
आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपके लिए बिजनस और कारोबार के मामले में एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे। नए अवसरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आज आपके लिए कई संभावनाओं की तलाश पूरी होगी।

### कुंभ
आज का दिन शुभ है। आज आप अपनी छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप असंभव से दिखने वाले कार्यों और चुनौतियों से रूबरू होंगे और उनका समाधन निकाल लेंगे। ऐसे लोगों से बचकर रहें, जो दिखावा पसंद करते हैं। आज फालतू खर्च से बचें, वरना आपका मासिक बजट बिगड़ सकता है।

### धनु
आज खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवाओं प्रोत्साहित कर पाने में सफल होंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है और करियर के मामले में कोई बड़ा फैसला ले सकती है। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी और आपको रुके धन की प्राप्ति होगी। मूड को बोझिल न बनाएं।

### मीन
आज का दिन सफलता से भरा होगा। बेहतर होगा कि आज किसी से कोई उम्मीद न करें। इस तरह की सोच से उबरें, वरना आपको संघर्ष करना पड़ सकता है। आज आप खुद को थोड़ा सा हताश और निराश महसूस करेंगे। आपको कारोबार से जुड़े फैसले लेने में सोचसमझकर काम करना चाहिए। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचएस 11वीं कॉमर्स के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

- अब 15 को आएगी प्रोविजनल आंसर की

**वाराणसी , एजेंसी।** सेंट्रल हिंदू स्कूल में कक्षा 11 कॉमर्स स्ट्रीम में प्रवेश के लिए शुक्रवार को परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए 3004 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसके लिए बीएचयू में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही कक्षा 11 में प्रवेश के लिए 30 अप्रैल से शुरू परीक्षाएं संपन्न हो गईं और बीएचयू प्रवेश की आगे की प्रक्रियाओं में जुट गया। 15 मई को प्रोविजनल आंसर की जारी करने की तिथि तय की गई है। सेंट्रल हिंदू स्कूल की कॉमर्स स्ट्रीम में 37 सीटें हैं। इन पर प्रवेश के लिए 3004 परीक्षार्थी थे। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शुरू हुई। परीक्षार्थियों की संख्या अन्य वर्गों की तुलना में कम होने के कारण सभी छह परीक्षा केंद्र बीएचयू कैंपस में ही बनाए गए थे। परीक्षा में कितने परीक्षार्थी अनुपस्थित थे, इसका आंकड़ा देर शाम तक परीक्षा स्कूल को नहीं मिल पाया था, लेकिन तकरीबन 800 परीक्षार्थियों के परीक्षा से किनारा कर लेने का अनुमान लगाया जा रहा था। इससे महज 37 सीटों के लिए लगभग 2200 परीक्षार्थी जोर आजमाइश कर रहे हैं। उधर मैथ्स, बायो, आटर्स और कॉमर्स चारों वर्गों की प्रवेश परीक्षा संपन्न होने के बाद बीएचयू परीक्षा नियंता कार्यालय प्रवेश की आगे की तैयारियों में जुट गया है।

#### 15 को आएगी प्रोविजनल आंसर की

सीएचएस की प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रोविजनल आंसर की जारी होने की तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। प्रोविजनल आंसर की को 100 रुपये शुल्क जमा कर चैलेंज किया जा सकता है। प्रोविजनल आंसर की को चुनौती देने के लिए 16 और 17 मई की तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद 25 मई को फाइनल आंसर की अपलोड की जाएगी और पांच जून को रिजल्ट घोषित करने की तिथि निर्धारित की गई है।

**21 जून से काउंसलिंग–** कक्षा 11 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 21 जून से शुरू होगी। गणित वर्ग की 21 जून, बायो की 22, आटर्स की 24 और कॉमर्स की 26 जून को होगी। कक्षा नौ की काउंसलिंग भी 26 जून को होनी है। सेंट्रल हिंदू स्कूल बॉयज में कक्षा 11 की पेड सीट पर पांच जुलाई को काउंसलिंग होगी।

### मछली मारने गए 36 वर्षीय युवक की डूब कर मौत- शव को ढूंढ़ने में लग गए 18 घंटे

**देवरिया , एजेंसी।** भाटपाररानी थाना क्षेत्र के ग्राम मठ दन उर में भगड़ा नाले में मछली मारने गए 36 वर्षीय युवक अमित उर्फ झुना साहनी पुत्र धर्मदेव साहनी की डूब कर मौत हो गई। 18 घंटे बाद मल्लाहों के काफी प्रयास से शनिवार को 8 :00 बजे सुबह शव को लंबे चौड़े जाल के सहारे ढूंढ निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच अग्रिम कार्रवाई की।

अमित उर्फ झुन्ना साहनी मछली मार कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार की शाम 4 बजे वह मछली मारने भगड़ा नाले में उतरा और फिर बाहर नहीं आया। उसकी बाइक और शर्ट पैंट,गंजी चप्पल आदि नदी के बाहर कोईला बाबा स्थान पर रखा हुआ मिला।
देर रात को जब वह घर नहीं आया तो परिजन रात में ही खोजने उसे वहां पहुंचे और कपड़ा देखकर नदी में तलाशना शुरू किए। परंतु शव नहीं मिला। रात में ही पुलिस को सूचना दिए पुलिस भी मौके पर पहुंचकर शव को ढूंढने में मदद की। शनिवार को सुबह मल्लाहों ने लंबी चौड़ी जाल लेकर भगडा नदी में उतरे और शव को ढूंढ निकाला। सीओ एसपी सिंह ने बताया कि शव मिल गया है। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। उधर, मौत की खबर पाकर परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक अमित उर्फ झुना साहनी चार बच्चों का पिता था। बड़ा दीपक 17, दिव्या साहनी 15, शुभम 13 और आयुष 14 के हैं। पत्नी कुसुम देवी और माता हीरा मती देवी तथा पिता धर्मदेव साहनी का रोते-रोते बुरा हाल था।

# सोची समझी रणनीति के तहत राहुल ने छोड़ा अमेठी



## इन समीकरणों के चलते चुनी गई रायबरेली की सीट

**अमेठी , एजेंसी।** अमेठी का रण छोड़कर राहुल गांधी ने एक साथ कई निशाने साधे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति नजर आती है। एक तो कमजोर संगठन, दूसरा हार के बाद क्षेत्र से दूरी सहित कई ऐसे कारण हैं, जिसका जवाब कांग्रेस नहीं खोज पा रही थी। ऐसे में एक बीच का रास्ता निकाला गया। नतीजन, करीब एक माह से अमेठी और रायबरेली में प्रत्याशी चयन को लेकर बने सस्पेंस पर अंतिम क्षणों में पर्दा उठा। राहुल गांधी के रायबरेली और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा के नामांकन के बाद कार्यकर्ता तक सकते में हैं। चाय-पान की दुकानों से लेकर सोशल मीडिया तक में यहीं छाया हुआ है। इसके नफा-नुकसान का आकलन हो रहा है।

वैसे गांधी नेहरू परिवार की सियासत पर निगाह डालें तो यह निर्णय बहुत अप्रत्याशित नहीं लगता। रायबरेली और अमेठी में गांधी नेहरू परिवार की पकड़ के लिहाज से देखें तो रायबरेली का पलड़ा हमेशा भारी रहा। पिछले चुनावों के नतीजों से लेकर जीत की लीड तक के आंकड़े इसे तस्दीक करते हैं। जाहिर तौर पर अमेठी की तुलना में रायबरेली गांधी परिवार के लिए कहीं अधिक सुरक्षित व मुफीद है।

पिछले दिनों सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद जारी किए गए उनके भावुक पत्र के बाद ही यह बड़ा सवाल खड़ा हुआ था कि रायबरेली में उनकी विरासत कौन संभालेगा। बेटा राहुल गांधी या फिर बिटिया प्रियंका गांधी। विरासत के सवाल का महज चार दशक का ही मंथन करें तो तस्वीर बिल्कुल साफ हो जाती है। 1980 में संजय गांधी की मौत के बाद जब बेटे राजीव गांधी और बहू मेनका गांधी में किसी एक के चयन की बात आई तो इंदिरा गांधी ने भी बेटे को तवज्जो दी थी। 1984 में मेनका गांधी बगावती तेवर अख्तियार कर राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरीं तो शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

### अमेठी में सोनिया ने संभाली थी विरासत

1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद 1999 में सोनिया गांधी राजनीति में लौटीं तो अमेठी में पति की विरासत को संभाला। 2004 में जब उन्होंने अपना क्षेत्र बदलकर रायबरेली किया तो अमेठी सीट राहुल गांधी को ही सौंपी। यह वह दौर था जब सोनिया से लेकर कमोवेश पूरी कांग्रेस राहुल के पीछे खड़ी थी। राहुल ने पार्टी की कमान तक संभाली।

इस बीच देश व प्रदेश में हुए विभिन्न चुनावों से लेकर अमेठी के विधानसभा क्षेत्रों तक में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद कई बार कांग्रेस में प्रियंका गांधी को आगे करने की मांग उठी। अमेठी के लोगों में भी प्रियंका गांधी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था। अमेठी का डंका बिटिया प्रियंका, अन्ना की लंका जलाएंगी प्रियंका जैसे नारे अमेठी की दीवारों पर नुमाया होना आम बात थी। इसके बाद भी कांग्रेस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

यहां तक कि अपने सियासी कार्य व्यवहार में प्रियंका गांधी भी अपने भाई राहुल गांधी के साथ सेकंड रोल में ही नजर आईं। वे हमेशा राहुल गांधी को अपना नायक मान उनके पीछे ही चलती रहीं। ऐसे में सोनिया गांधी की विरासत राहुल गांधी को मिलने की घटना अनोखी कतई नहीं लगती।

### बहन-भाई ना उतरने देने की बात रणनीति

जहां तक अमेठी से प्रियंका गांधी के मैदान में नहीं उतरने की बात है तो इसके पीछे भी कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति नजर आती है। प्रियंका के चुनाव लड़ने से उन्हें अमेठी में कहीं अधिक समय देना पड़ता। विपक्ष की व्यूह रचना में भाई-बहन रायबरेली और अमेठी में फंसकर रह जाते। वर्तमान सियासी परिदृश्य में प्रियंका गांधी रायबरेली के साथ ही अमेठी में भरपूर समय दे सकेंगी जबकि राहुल गांधी देश के अन्य क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर सकेंगे।

### पहले भी रायबरेली-अमेठी के चुनाव का संचालन प्रियंका ने संभाला

प्रियंका पूर्व में भी रायबरेली और अमेठी के चुनाव संचालन देखती रही हैं। जहां तक किशोरी लाल शर्मा के अमेठी से चुनाव मैदान में उतरने की बात है, वे कार्यकर्ताओं के लिए नए नहीं हैं। पार्टी पदाधिकारियों से लेकर छोटे कार्यकर्ता तक उन्हें अच्छे से जानते-समझते हैं। हां, जनता के बीच उन्हें खुद को स्थापित करने की चुनौती जरूर है।

### अमेठी से रिश्ता खत्म

1977 में संजय गांधी ने अमेठी से पहला चुनाव लड़ा था। वहीं, इंदिरा गांधी रायबरेली से प्रत्याशी थीं। जनता पार्टी की लहर में दोनों को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। दोनों ने अपनी सीटों से 1980 में फिर चुनाव लड़ा। दोनों को जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। दोनों को विजय मिली। राहुल के अमेठी छोड़ने की वजह चाहे जो भी हो लेकिन विपक्ष को हमलावर होने का मौका जरूर मिल गया। जनता में भी इसका मैसेज ठीक नहीं जाएगा।

# लखनऊ लोकसभा सीट से 19, मोहनलालगंज से सात प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, अंतिम दिन भरे गए सर्वाधिक पर्चे

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को लखनऊ संसदीय सीट के लिए 19 और मोहनलालगंज के लिए सात लोगों ने पर्चा दाखिल किया। उधर, लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में दो और प्रत्याशियों ने नामांकन किया। लखनऊ के लिए कुल 41 व मोहनलालगंज के लिए 22 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल छह प्रत्याशियों ने ताल ठोंकी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि शुक्रवार को भी लखनऊ लोकसभा के लिए पांच और मोहनलालगंज के लिए एक नामांकन पत्र का वितरण किया गया। लखनऊ पूर्वी विधानसभा उप चुनाव के लिए भी एक नामांकन पत्र बिका। शनिवार सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जिन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही मिलेंगे, उन्हें ही चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी। नामांकन पत्रों में गड़बड़ी मिलने पर पर्चा निरस्त कर संबंधित को इसकी सूचना दी जाएगी।



# कुर्मी मतदाताओं पर सपा की खास निगाह, देवीपाटन और अयोध्या समेत आठ मंडलों में दिए 10 प्रत्याशी

**लखनऊ, एजेंसी।** सपा ने टिकट देने में कुर्मी बिरादरी को खास अहमियत दी है। जिन मंडलों में इस बिरादरी के मतदाता प्रभावी भूमिका में हैं, वहां इसी रणनीति के तहत सजातीय प्रत्याशी दिए हैं। 8 मंडलों में कुल 10 कुर्मी प्रत्याशी दिए हैं, जो किसी एक जाति के लिए सपा के सबसे ज्यादा टिकट हैं।

उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग में कुर्मियों की आबादी करीब 8 फीसदी है। यादवों के बाद आबादी में उनका दूसरा नंबर है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, प्रदेश की करीब 50 सीटों को कुर्मी जाति के मतदाता प्रभावित करते हैं। इनमें संत कबीरनगर, महराजगंज, कुशीनगर, मिर्जापुर, सोनभद्र, बरेली, उन्नाव, जालौन, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयागराज, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बाराबंकी, कानपुर, अकबरपुर, एटा, बरेली और लखीमपुर सीटें प्रमुख हैं। इस तरह से अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और रुहेलखंड की कई लोकसभा सीटों पर कुर्मी मतदाता सियासी रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

इन्हीं समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सपा ने इस बार यादवों और मुसलमानों से ज्यादा कुर्मी जाति के प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। पिछले चुनावों में कुर्मी मतदाताओं का रुझान एनडीए की ओर अधिक रहा है। इस स्थिति को बदलने के लिए सपा ने देवीपाटन मंडल में गोंडा से श्रेया वर्मा और श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा पर दांव लगाया है। बस्ती, अयोध्या और गोरखपुर मंडल में भी एक-एक प्रत्याशी कुर्मी जाति से देकर यहां की अन्य सीटों पर समीकरण साधने के प्रयास किए हैं।



इन मंडलों में बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, अंबेडकरनगर से लालजी वर्मा और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को उतारा है।

प्रयागराज मंडल में भी कुर्मी मतदाता निर्णायक स्थिति में माने जाते हैं, इसलिए प्रतापगढ़ से एसपी सिंह पटेल और फतेहपुर से नरेश उत्तम पटेल पर दांव लगाया है। चित्रकूट मंडल में बांदा से कृष्णा पटेल, लखनऊ मंडल में लखीमपुर से उत्कर्ष वर्मा और बरेली मंडल में पीलीभीत से भगवत शरण गंगवार को टिकट देकर सपा ने कुर्मी वोट बैंक में सेंध लगाने की पूरी कोशिश की है।

# चेकिंग कर रहे दरोगा को बस ने कुचला

## मौत, देर रात संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान हुआ हादसा

**लखनऊ , एजेंसी।** रायबरेली जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड टीम के दरोगा को रोडवेज बस ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दरोगा को टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार बस की खोजबीन शुरू कर दी।

हादसा उस समय हुआ जब शुक्रवार की रात 12 बजे के आसपास हरचंदपुर कस्बे के चौराहे पर फ्लाइंग स्क्वायड टीम के मजिस्ट्रेट बनाए गए मंगल सिंह के नेतृव में हाईवे से गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

टीम के दरोगा राकेश सिंह के अलावा अन्य सुरक्षाकर्मी वाहनों को रोककर चेकिंग कर रहे थे तभी लखनऊ की ओर से आ रही एक बेकाबू बस ने सड़क किनारे खड़े दरोगा राकेश सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से दरोगा की मौके पर ही मौत हो गई। बस रोडवेज की बताई जा रही है। मृतक दरोगा राकेश सिंह बछरावां थाने में तैनात हैं। चुनाव के चलते उनकी ड्यूटी स्क्वायड टीम में लगी थी। दरोगा राकेश सिंह मूल रूप से जौनपुर जिले के थाना सुजानगंज के गांव रामपुर के रहने वाले थे। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से बस की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# वाराणसी में तीन बिल्डर सहित आठ के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा

## कमिश्नर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी जिले के काजीपुरा कलां, देहलू गली, कोदई चौकी निवासी जफर इकबाल की तहरीर पर बिल्डर्स मेसर्स जायमा डेवलपर्स के तीन पार्टनर सहित आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना सहित अन्य आरोपों में दशाश्वमेध थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच कर रही है। जफर इकबाल ने पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने छोटे भाई नदीम इकबाल के साथ रहते हैं। दोनों भाइयों ने अपने मकान का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट औरंगाबाद के मसूद अख्तर, शेख सलीम फाटक के हारिस रजबी और माताकुंड के नैय्यर इस्लाम से किया था। रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में 30 महीने का समय तय किया गया। इस अवधि में पूरी बिल्डिंग का निर्माण वीडीए के मानक के अनुसार करना था।

दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से तय किया था कि 40 फ्लैट बनेंगे, इसमें से 24 बिल्डर और 16 मकान मालिक को मिलेंगे। जफर इकबाल ने बताया कि समय बीतने के साथ ही तीनों बिल्डर की नीयत खराब हो गई। तीनों ने गया के सादिक खान वारिस के साथ साजिश करके बिल्डिंग के प्रथम तल का फ्लैट रजा कॉलोनी, मकबूल आलम रोड निवासी नदीम अहमद को बैनामा कर दिया। तीन अन्य फ्लैट लल्लापुरा के आसिफ व अलीम चौधरी को बैनामा कर दिया। इसी तरह से पटेल नगर, राजा बाजार, नदेसर की रजिया नसरीन को भी एक फ्लैट रजिस्टर्ड सट्टा कर दिया। इस तरह से तीनों बिल्डर सहित आठों लोगों ने साजिश रच कर भवन स्वामी की बगैर स्वीकृति के अवैध तरीके से खरीद-बिक्री का गलत काम किया

# डॉक्टर वीआईपी ड्यूटी में, इलाज के लिए भटके मरीज



**अमेठी , एजेंसी।** डॉक्टरों की वीआईपी ड्यूटी होने से शुक्रवार को मरीजों का दर्द और बढ़ गया। शुक्रवार को जिला अस्पताल में महज एक फिजिशियन के भरोसे मरीजों के उपचार किया गया। मरीज जल्दी दिखाने की होड़ में लगे रहे। जबकि हड्डी रोग से ग्रसित मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। आलम यह रहा कि तीन बजे तक ओपीडी संचालित हुई।

जिला अस्पताल में सुबह से ही ओपीडी में मरीजों का पहुंचना शुरू हो गया था। नौ बजे तक मरीजों की भारी भीड़ जिला अस्पताल में इलाज कराने पहुंची थी, लेकिन फिजिशियन डॉ. शुभम पांडेय, डॉ. पीतांबर कनौजिया, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हनुमान प्रसाद, डॉ. राजीव शुक्ल के साथ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. अभय गोयल की आईपी ड्यूटी होने से उनके कक्ष बंद थे।

ओपीडी में सिर्फ फिजिशियन डॉ. अमित यादव मौजूद थे। इस कारण मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा। जो चिकित्सक ओपीडी में मौजूद थे, उनके कक्ष के बाहर लंबी लाइन में खड़े रहकर मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

भीड़ से मरीजों को इलाज के लिए करीब एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। अस्पताल पहुंचे मरीज श्यामसुंदर ने बताया कि बुखार आ रहा है, एक घंटे से अधिक समय हो गया है। पर्चा लगा है लेकिन, डॉक्टर साहब के पास नंबर नहीं आया। मालती, माधुरी व नीलम भी जुकाम व खांसी से परेशान होकर अस्पताल पहुंची थी लेकिन, उपचार के लिए नंबर लगा कर इंतजार कर रही थीं। जोड़ों के दर्द से परेशान बुजुर्ग कल्पनाथ ने बताया कि भैय्या डॉक्टर है नहीं। अब लौट रहे हैं। अस्पताल की ओपीडी में शुक्रवार को 992 मरीजों का पंजीकरण हुआ।

### सभी मरीजों का हुआ उपचार

सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल ने बताया कि वीआईपी ड्यूटी में पांच डॉक्टरों के जाने से शुक्रवार को ओपीडी में उपचार में मरीजों को विलंब हुआ। मरीजों की भीड़ से एक घंटे अतिरिक्त ओपीडी का संचालन करना पड़ा। दोपहर तीन बजे तक चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज किया। कोई भी मरीज बिना उपचार नहीं लौटा है।

## अगले तीन दिन में पांच डिग्री तक बढ़ सकता है प्रदेश में पारा, कई जिलों में 40 पार पहुंचा तापमान

**लखनऊ, एजेंसी।** मौसम विभाग एक तरफ पांच मई से मौसम में बदलाव की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में अगले दो-तीन दिन में दिन के पारे में दो से पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी के आसार भी जताए जा रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बृहस्पतिवार को पारे में जहां गिरावट का दौर जारी था, वहीं शुक्रवार को दिन के तापमान में मामूली बढ़त दर्ज की गई। लखनऊ का पारा 35.6 डिग्री से बढ़कर 38.3 डिग्री पहुंच गया। जबकि प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में 40 से नीचे आया पारा एक बार फिर से 40 पार कर गया। प्रयागराज में पारा 40.4 डिग्री रहा। बीते कुछ समय से प्रयागराज सर्वाधिक गर्म चल रहा था। बृहस्पतिवार को पारा 38.4 डिग्री पहुंच गया था। इसी तरह वाराणसी, बहराइच आदि शहरों में भी पारा 40 से नीचे था, लेकिन शुक्रवार को फिर इसमें बढ़ोतरी दिखी।



## महिला से छेड़खानी करने वाले महंत विवेक दास को नहीं मिली जमानत

**वाराणसी , एजेंसी।** कबीरचौरा स्थित कबीर मठ के महंत विवेक दास चेला आचार्य को एक महिला से छेड़खानी, मारपीट और जातिसूचक अपशब्द बोलने के मामले में अदालत से जमानत नहीं मिली। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने अर्जी निरस्त कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि सात मार्च 2022 शाम छह बजे कबीर मठ में उससे छेड़खानी की गई। विरोध करने पर मारपीट और जातिसूचक अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। पीड़िता ने महंत के खिलाफ अदालत में परिवाद दर्ज कराया था। महंत की ओर से जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। उसे अदालत ने खारिज कर दिया। पीड़िता ने महंत का आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया।



## फरदीन खान ने साझा किया हीरामंडी में भंसाली के साथ काम करने का अनुभव

अभिनेता फरदीन खान लंबे वक्त बाद अभिनय की दुनिया में नजर आए हैं। वे संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज हीरामंडी में नजर आए हैं, जो 1 मई को रिलीज हुई है। फरदीन खान इससे पहले करीब 14 वर्ष तक ब्रेक पर रहे। उनकी आखिरी फिल्म 2010 में आई थी। इसके बाद उन्होंने दूसरी पारी ओटीटी से शुरू की है। हाल ही में अभिनेता ने संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का अनुभव साझा किया।

### नहीं था इतना लंबा ब्रेक लेने का इरादा

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान फरदीन खान ने अभिनय से अपने लंबे ब्रेक के बारे में बात की। फ्री प्रेस जर्नल के साथ हुए इंटरव्यू के दौरान फरदीन खान सिनेमा की दुनिया में वापसी पर बात की। उन्होंने कहा कि वापसी करने में उनका इतना लंबा वक्त लेने का कोई इरादा नहीं था। इन वर्षों में काफी कुछ बदल गया। दर्शक और फिल्म निर्माण का परिदृश्य बदल गया है। हालांकि, उनके पास 27-28 फिल्मों का अनुभव है और वह इसे अपने साथ रखते हैं।

### सबको नहीं मिलते ऐसे मौके

अभिनेता ने आगे कहा कि हीरामंडी में काम करते हुए उन्हें बहुत ज्यादा डर था। अभिनेता ने आगे कहा कि इस इंडस्ट्री सिर्फ एकमात्र चीज जो कायम रहती है, वह प्यार ही है। वे खुद को बहुत भाग्यशाली मानते हैं, क्योंकि उन्हें हर तरफ से प्यार मिल रहा है। फरदीन खान का मानना है कि लोगों को कमबैक के लिए ऐसे मौके नहीं मिलते हैं। खासकर इतना लंबा ब्रेक लेने के बाद। इसके लिए उन्होंने संजय लीला भंसाली की तारीफ की।
भंसाली की इस बात के लिए की तारीफ
फरदीन खान के मुताबिक, संजय लीला भंसाली के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना एक ऐसा अहसास है, जिसे बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस पीरियड ड्रामा सीरीज का हिस्सा बनना अपने आप में एक चुनौती भी थी। लेकिन, उन्होंने स्टाइलिंग से करीब 60 फीसदी चुनौती पर काबू पा लिया। इसके साथ ही, किरदार के मूल सार को समझना भी आसान हो जाता है। फिर संजय लीला भंसाली उसे समझाने और मार्गदर्शन के लिए वहां मौजूद रहे।



## यामी गौतम ने अपनी फिल्मों को लेकर बयां किया सच

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों नन्हें मेहमान की खुशी के स्वागत में बेहद खुश हैं और लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनकी प्रेग्रेंसी से जुड़ी कोई ना कोई खबर उन्हें चर्चा में बनाए रखती है। आर्टिकल 370 की दमदार सफलता का पूरा श्रेय यामी को जाता है। इस फिल्म ने दर्शकों के साथ क्रिटिक्स की वाहवाही भी बटोरी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। फिल्मों को लेकर यामी ने एक इंटरव्यू में ऐसी बात कही जिसे सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे।

### यामी के दिल की बात

एक इंटरव्यू के दौरान यामी ने सिनेमाघरों और ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों और वेब सीरीज को लेकर कहा, मैंने कभी भी कोई फिल्म या सीरीज यह सोच कर नहीं कि वह ओटीटी या फिर सिनेमाघरों में अच्छी चलेगी। मैंने यह इसलिए चुनी है क्योंकि वो ऐसी फिल्में थीं, जिनमें मुझे मेरा रोल अच्छा लगता था।

### खुद को फिल्मों में देखना अच्छा लगता है

यामी ने अपनी फिल्मों को लेकर एक और खुलासा किया है। उन्होंने कहा, खुदको फिल्मों में देखना शुरू से मेरा पहला प्यार रहा है। ओएमजी 2 , उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, सनम रे, विक्की डोनर या फिर आर्टिकल 370, यामी गौतम ने बड़े पर्दे पर हमेशा अपनी काबिलियत साबित की है। वह भले ही ज्यादा लाइमलाइट में न रहती हों, लेकिन जब भी पर्दे पर आती हैं अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं।
बहरहाल, यामी गौतम इन दिनों अपनी किसी फिल्म के लिए नहीं बल्कि प्रेग्नेंसी के लिए सुर्खियों में रहती हैं। वह जल्द ही मां बनने वाली हैं। मां बनने के बाद कुछ एक्ट्रेसेज फिल्मों से ब्रेक ले लेती हैं, लेकिन यामी बी-टाउन की वर्किंग मदर्स में शुमार होने वालों में से हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में यामी ने कहा था कि वह मां बनने के बाद भी काम जारी रखेंगी और मैटरनिटी ब्रेक के दौरान भी फिल्मों में बिजी रहेंगी।




## सलमान लापरवाह हैं, लेकिन काम को लेकर पाबंद हैं



सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी फरीदन का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने बॉलीवुड के दबंग खान यानी सलमान खान की खुलकर तारीफ की है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने साल 2010 में सलमान खान-स्टारर दबंग के साथ अपनी फिल्म की शुरुआत की। हाल ही में, एक साक्षात्कार में सोनाक्षी ने सलमान खान की तारीफ करते हुए कहा कि दर्शकों से जुड़ने के लिए उन्हें एक रास्ता मिल गया है। सोनाक्षी ने सलमान के साथ कई फिल्मों में काम किया है और उन्होंने कहा कि जहां सलमान काम में काफी बेफिक्र हैं। वहीं, वह काम को लेकर काफी सीरियस हैं। इस इंटरव्यू में सोनाक्षी ने सलमान जैसे सितारों की लोकप्रियता के बारे में बात की और कहा, मुझे लगता है कि यह उनके दर्शकों के साथ एक जुड़ाव है आपके जो लोकप्रियता मिलती है, वह काफी संघर्ष करने के साथ आता है। मुझे लगता है कि यही वह चीज है, जो मेरे दर्शक मेरे बारे में पसंद करते हैं और यही मेरी ताकत है और मैं बस उसी पर काम करने जा रही हूं। यही सलमान ने भी इतने सालों से किया है, यही वजह है कि लोग उनसे प्यार करते हैं। सलमान के बारे में बात करते हुए सोनाक्षी ने कहा, वह बहुत लापरवाह हैं, लेकिन वह काम को लेकर बहुत पाबंद भी हैं। मुझे नहीं पता कि इसे कैसे समझाऊं क्योंकि मैंने उन्हें देखा है और ऐसा लगता है कि उन्हें छोटी-छोटी बातों की परवाह नहीं

## क्यों उड़ी हिना खान की नींद? बोलीं-परेशान हूं




हिना खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की है, जिसने फैंस की चिंता बढ़ा दी है। अभिनेत्री ने अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा है, नींद उड़ी हुई है, थकी हुई हूं और परेशान हूं, लेकिन जिंदा हूं। हिना के फैंस जानना चाह रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ है, जो वह इतनी मुश्किलों से गुजर रही हैं। बता दें कि हिना की जिंदगी में सबकुछ अच्छा है। सिर्फ काम की अधिकता और व्यस्तता के चलते अभिनत्री को आराम नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा है, जिंदगी मुश्किल है, संघर्ष जारी है। इसके अलावा हिना ने एक पोस्ट सवेरे तीन बजे साझा करते हुए लिखा, अब नौ घंटे की यात्रा करके नई लोकेशन पर जा रहे हैं, दिन-रात काम है, कठिन है, लेकिन इसकी कीमत है।




## अनदेखी सीजन 3, दस मई ओटीटी पर देगी दस्तक

अनदेखी सीजन 2 को मिले भरपूर प्यार के बाद मेकर्स इस वेब सीरीज का तीसरा भाग जल्द लेकर आ रहे हैं। इस शो में हर्ष छाया और दिब्येंदु भट्टाचार्य मुख्य भूमिका में हैं। सोनी लिव पर स्ट्रीम होने जा रही इस वेब सीरीज की हाल ही में स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें सिनेमा जगत की कई मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में वेब सीरीज के मुख्य कलाकार दिब्येंदु अपनी पत्नी के साथ दिखे। कई फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अदाकारी का जादू दिखा चुके मियांग चैंग भी अलग अंदाज में कार्यक्रम में पहुंचे। वहीं, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस में आंचल सिंह बला की खूबसूरत लगीं। इनके अलावा कार्यक्रम में वरुण वडोला और हर्ष छाया भी दिखे। अनदेखी सीजन 3 की बात करें तो यह क्राइम ड्रामा थ्रिलर 10 मई 2024 को सोनी लिव पर रिलीज होगी। इसमें, दर्शकों को ढेर सारा रोमांच, रहस्य और रोंगटे खड़े कर देने वाले क्षण देखने को मिलेंगे। शो के ट्रेलर को भी लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। दो सफल सीजन के बाद फैंस को इसके तीसरे भाग का बेसब्री से इंतजार है।



## मेरी राजनीति में जाने की इच्छा नहीं है, मैं बहुत मेहनत करके यहां तक पहुंचा हूं

**ऐक्टिंग की दुनिया में तीन दशक लंबी पारी खेल चुके मनोज बाजपेयी सिनेमा के बाद ओटीटी पर भी जबर्दस्त काम कर रहे हैं। वेब सीरीज फैमिली मैन व ओटीटी रिलीज एक बंदा काफी है के बाद उनकी हालिया रिलीज साइलेंस 2 को भी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने खास बातचीत की।**

**आप ओटीटी पर काफी अच्छा कर रहे हैं। आपकी एक बंदा काफी है ओटीटी से सिनेमा पर आ गई। अब आपकी फिल्म साइलेंस 2 का सीजन 2 आया है। इस सफलता के बारे में आप क्या कहना चाहते हैं?**
मैं काफी खुशकिस्मत हूं कि मेरा काम लोगों को इतना पसंद आ रहा है और मेरी फिल्मों को इतना सम्मान और प्यार मिल रहा है। इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। आखिर में दर्शक ही आपके काम को ही आगे बढ़ाते हैं।

**आपने सिनेमा पर इतनी लंबी पारी खेली है और अब ओटीटी पर भी इतना अच्छा कर रहे हैं। आपको क्या लगता है कि ओटीटी आपको सिनेमा से ज्यादा सूट रहा है?**
लोग धीरे-धीरे सिनेमा पर वापस जा रहे हैं। मेरी अगली फिल्म भैया जी थियेटर पर आने वाली है। मगर मैं चाहता हूं कि दोनों तरफ काम करूं। जहां पर अच्छा काम मिले, मैं वहां काम करूं। भैया जी एक अच्छी स्क्रिप्ट लगी और मुझे लगा कि ये थियेटर पर रिलीज होनी चाहिए। वैसे मैं सच कहूं तो हमने बहुत कोशिश करी थी कि एक बंदा काफी है सिनेमा घरों में रिलीज हो लेकिन वह ओटीटी प्लैटफॉर्म के पास थी और जब ओटीटी के पास फिल्म चली जाती है तो, वह सिनेमा पर नहीं आने वाली।

**ओटीटी ने आपको घर-घर तक पहुंचा दिया है। क्या कहेंगे?**
मैं घर-घर तक नहीं पहुंचा। मैं पूरब से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पहुंचा हूं। जब आप ओटीटी पर जाते हैं तो आप पैन इंडिया जाते हैं। विदेश में भी आपकी पहचान घर-घर तक हो जाती है। जैसे फैमिली मैन मैक्सिको में बहुत देखी गई और स्पेन में भी बहुत लोगों ने उसे देखा।

**आपको लोग फैमिली मैन कहते हैं। असल जिंदगी की बात करें तो आप अपने परिवार को कितना समय दे पाते हैं?**
आजकल समय निकालना थोड़ा मुश्किल हो पाता है। लेकिन अब बच्ची बड़ी हो गई है, तो जाहिर सी बात है अब वह उतना मिस नहीं करती। बस जब वह हॉस्टल से घर आती है, तो उसे अपनी मां चाहिए। बाकी मैं उसे कॉल करके पूछता रहता हूं कि तुमने मुझे फोन क्यों नहीं किया।

**चुनाव का दौर है। आज तमाम स्टार्स राजनीति में करियर आजमा रहे हैं। क्या आपको भी कभी ऐसा कोई ऑफर मिला?**
मिलते रहे हैं, कई साल तक मिलते रहे हैं। मैं बहुत मेहनत करके यहां तक पहुंचा हूं। मैंने यहां तक पहुंचने में कई साल लगाए हैं। अब सब छोड़ छोड़कर ऐसी जगह चला जाऊं, जिसका मुझे पता नहीं है कि वह क्या है। मुझे वहां जाने की इच्छा भी नहीं है। मैं जाना भी नहीं चाहता हूं। मुझे यहीं अच्छा लगता है। मेरी राजनीति में जाने की कोई इच्छा नहीं है।

**करियर के तीन दशक में आपने एक से बढ़कर एक रोल किए। क्या आपके जेहन में कोई ऐसा किरदार है, जिसको करने की इच्छा अभी बाकी है?**
वह पता नहीं चल पाता है, जब तक कोई चीज सामने ना आ जाए। जब सिर्फ एक बंदा काफी है का रोल मिला, तो मुझे लगा कि ये किरदार तो मैंने किया ही नहीं है, ऐसा कहानी और स्क्रिप्ट नहीं की है। फिर मैंने उसे किया। इसी तरह मुझे लगता है कि अभी कई किरदार करने बाकी हैं।



## सिर्फ बहू वाले रोल मिलने का मलाल रहा, स्क्रीन पर बनना चाहती थी पुलिसवाली

**दिव्यांका त्रिपाठी टेलीविजन की जानी-मानी और सफलतम ऐक्ट्रेसेज में से एक हैं। हालांकि, छोटे पर्दे पर दर्शकों ने उन्हें प्यारी, संस्कारी बहू की भूमिका में ही देखा है। खुद दिव्यांका को इस बात का मलाल है कि टीवी पर उन्हें सिर्फ बहू के ही रोल ऑफर होते रहे, लेकिन अब ओटीटी पर वह अपने किरदारों के साथ प्रयोग कर रही हैं। इसी कड़ी में वह इन दिनों वेब सीरीज अदृश्यम- द इनविजिबल हीरोज में अंडरकवर एजेंट पार्वती के रोल में नजर आ रही हैं, जो उनकी निजी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग है।**

### हमेशा से करना था पुलिस का रोल

बकौल दिव्यांका, मेरे लिए पार्वती का यह किरदार मेरी असल जिंदगी से बहुत ही विपरीत है। पार्वती बिंदास है, निडर है, जो उसके दिल में है, वो जुबान पर आ जाता है। एक झटके में गुस्सा भी हो जाती है। जबकि, मेरी पर्सनैलिटी बिल्कुल इसके उलट है। इसलिए, यह रोल निभाना मेरे लिए बहुत चैलेंजिंग था लेकिन मैं ऐसा किरदार हमेशा से करना चाहती थी। मैं एक जमाने में एनसीसी में थी। मैं आर्मी ऑफिसर बनना चाहती थी। मैं राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट रही हूं तो एक अरमान था कि कभी पुलिसवाले का रोल करूं लेकिन इतने सालों में मुझे एक भी ऐसा करैक्टर नहीं ऑफर हुआ। मुझे इस बात का हमेशा मलाल रहता था। अब जाकर इतने सालों के बाद में मुझे ऐसा किरदार मिला है। इसलिए ये किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है लेकिन चैलेंजिंग भी बहुत था क्योंकि ऐक्शन बहुत था, जिसकी ट्रेनिंग मैंने इससे पहले कभी नहीं ली थी। मुझे बॉडी कॉम्बैट, सेल्फ डिफेंस ये सब सीखना पड़ा।

### लोगों की जजमेंट से फर्क नहीं पड़ता

खतरों के खिलाड़ी के मेकर्स की तरह, लोगों ने दिव्यांका को उनकी प्यारी, शांत पर्सनैलिटी और स्क्रीन इमेज से हमेशा जज किया है। कभी उनके वेस्टर्न कपड़े नहीं पहनने पर बहन जी बुलाया तो कभी खतरों के खिलाड़ी में जाने पर उनके पति से पूछा कि दिव्यांका के बजाय आप क्यों नहीं गए? दिव्यांका लोगों के ऐसे जजमेंट का जवाब कैसे देती हैं? इस पर वह हंसते हुए कहती हैं, लोग विवेक (पति विवेक दहिया) को रोक-रोककर बोलते थे कि आप क्यों नहीं गए? दिव्यांका को क्यों भेज दिया? आपको जाना चाहिए था तो वह कहता था कि आप दिव्यांका को जानते नहीं है पर हम दूसरों की सोच नहीं बदल सकते। जरूरी ये है कि हम अपने पर इसका असर ना पड़ने दें और मैं इस मामले में थोड़ी मोटी खाल की हूं। मुझे नहीं फर्क पड़ता कि लोग क्या सोच रहे हैं क्योंकि मैं उनकी सोच नहीं रोक सकती। मेरा तरीका ये है कि मैं कहीं न कहीं अपने को बदलती रहूं, जो मुझे पसंद है वो करूं, जिस स्टेज पर जाकर उनको मेरी पर्सनैलिटी दिखनी होगी, दिख जाएगी।

### शादी निभाने के लिए नीयत जरूरी

दिव्यांका और उनके पति विवेक दहिया अक्सर सोशल मीडिया पर कपल गोल्स देते रहते हैं। दिव्यांका एक सफल शादी की नींव किसे मानती हैं? इस पर उन्होंने कहा, अगर दो सही पार्टनर एक साथ हैं जो साथ मिलकर उस रिश्ते को निभाना चाहते हैं, तभी वो निभता है, क्योंकि कहीं न कहीं दोनों से ही गलतियां ही होते हैं। दोनों ही किसी न किसी जगह पर सही होते हैं। इसलिए, शादी के रिश्ते में निभाने की नीयत सबसे जरूरी है। इसके लिए एक सोची समझी कोशिश चाहिए होती है।

### खतरों से खेली तो टूटी छवि

दिव्यांका स्टंट बेस्ड रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 11 की रनरअप रही हैं। उस दौरान की ट्रेनिंग सीरीज में ऐक्शन करते वक्त कितनी काम आई? यह पूछने पर दिव्यांका ने बताया, खतरों के खिलाड़ी में ऐक्शन की कोई ट्रेनिंग नहीं थी। खतरों के खिलाड़ी से मुझे यही मदद मिली कि मेरे बारे में लोगों की सोच बदली है। मैं तो वैसे ही थी जैसे मैं पहले थी लेकिन लोगों को मालूम नहीं था कि दिव्यांका क्या-क्या कर सकती है? क्या वो एक ऑफिसर की तरह की नजर आ सकती है? तो मैं खुश हूं कि मैंने वह शो किया। उससे मेरी जो बहू वाली छवि थी, उसे तोड़ने में मदद मिली। उस शो में भी मेकर्स तक ने कल्पना नहीं की थी कि मैं तीसरे एपिसोड के आगे जा पाऊंगी।



# शर्मीले हैं तो इन बातों को अपनाएं


**कई लोगों को लगता है कि अगर करियर में सफल होना है तो आपको एक्सट्रोवर्ट होना होगा। अगर आप इंट्रोवर्ट या यूं कहें कि शर्मीले हैं तो उनके लिए कुछ चीजें जरा कठिन हो जाती है। लेकिन इसका मतलब नहीं है कि इंट्रोवर्ट होने के कारण आप करियर में सफल नहीं हो सकते। आपको अपने इस स्वभाव को समझते हुए उस पर काम करना होगा ताकि आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकें। इन 5 बातों के जरिए आप अपनी जीवन को बेहतर और कामयाब बना सकते हैं**

- खुशहाल जिंदगी और एक अच्छे करियर के लिए यह जरूरी है कि आप इस बात को स्वीकार लीजिए कि आप इंट्रोवर्ट या शर्मीले किस्म के व्यक्ति हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है और किसी से भी कम नहीं है। इंट्रोवर्ट होना आपकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है।
- जो गुण आपमें हैं उसे पहचानिए, उसे निखारिए और अपने अपनाइए। आपका फोकस उस बात पर होना चाहिए कि आपमें क्या खासियत है, ना कि उस पर की आपके अंदर कौन से गुण या प्रतिभा नहीं हैं।
- करियर में सफलता के लिए आपको सबसे पहले क्षेत्र को चुनना होगा जो कि आपके स्वभाव, व्यवहार और सोच से मेल खाए। जो आपके दिल को भाता है, वह करियर चुने और यह न सोचे कि लोग क्या कहेंगे।
- इंट्रोवर्ट होना बुरी बात नहीं है लेकिन खुद को सभी से काट कर रखना गलत है। आपको अपने परिवार, दोस्तों और समाज से जुड़े रहना चाहिए। इस बात को न भूले कि आप हर काम अकेले नहीं कर सकते। आपके अंदर जो लोगों की भावनाओं को समझने का हुनर है उसे आपको अच्छे दोस्त बनाने में परेशानी नहीं होगी।
- कई बार इंट्रोवर्ट लोग एक्सट्रोवर्ट लोगों से घबराते और कतराते नजर आते हैं। एक्सट्रोवर्ट लोगों को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनने की आदत होती है इसका मतलब ये नहीं कि आप कमतर हैं। अपने शांत स्वभाव से आप किसी को भी पीछे छोड़ सकते हैं।



# इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग

**आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फिर चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।**



स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फरि चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।

## वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफिस या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्केट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजस से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफकि डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

## स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइजिडयाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्राइंग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता


अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

## मार्केट में अवसर

मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर , वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसलटिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे





# टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए बढ़ी करियर की संभावनाएं

आज भी कृषि के बाद लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार टेक्सटाइल फील्ड में मिला हुआ है। देशवासियों की बढ़ती क्रय शक्ति तथा ब्रांडेड प्रोडक्ट के प्रति बढ़ता आकर्षण इस बात का संकेत है कि टेक्सटाइल एंड गारमेंट इंडस्ट्री में आगे भी तेजी बनी रहेगी। बीते एक दशक में रिटेल सेक्टर के विकास ने भी साबित कर दिखाया है कि उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल और शॉपिंग ट्रेंड्स बदल गए हैं। लोग फैशन और क्वॉलिटी प्रोडक्ट को ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और एक्सपोर्ट की डिमांड बढ़ने से इस सेक्टर को विकास करने का मौका मिल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 तक भारतीय टेक्सटाइल बाजार करीब दोगुना हो जाएगा। यही कारण है कि युवाओं के लिए टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स – टेक्सटाइल्स एंड अपेरल, हैंडीक्राफ्ट, सोफिस्टिकेटेड मिल,  हैंडलूम, जूट और सेरिकल्चर में काम की संभावनाएं तेजी से बढ़ेंगी। इसके अलावा, सरकार द्वारा इंडिया हैंडलूम प्रमोशन जैसी योजना शुरू किए जाने और इस सेक्टर में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से भी इस क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर रोजगार में लगातार इजाफा होता रहेगा।

## काम के अवसर

देश में गारमेंट, फैशन, ज्वेलरी, लगेज, एक्सेसरी, होम फर्निशिंग व इंटीरियर टेक्सटाइल का बाजार दिनो–दिन बढ़ रहा है, जहां टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए ढेर सारे नए अवसर मौजूद हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स की विदेश के अलावा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों, फैशन डिजाइनिंग एजेंसियों, एक्सपोर्ट हाउस और टेक्सटाइल रिटेल जैसी फील्ड में काफी मांग है। सरकार की मदद से चल रही खादी, जूट, सिल्क और क्राफ्ट जैसी संस्थाओं में भी डिजाइनिंग प्रोफेशनल्स के लिए अच्छे अवसर हैं। ऑटोमोटव टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल सेक्टर का एक नया उभरता क्षेत्र है, जहां मोटर निर्माण कंपनियां अपनी कारों के इंटीरियर को अपीलिंग लुक देने के लिए ऐसे डिजाइनर्स की खूब सेवाएं ले रही हैं। इसके अलावा, अगर आप टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं, तो एग्रीकल्चर फील्ड में रेशम उत्पादन और कपास उत्पादन को बढ़ाने के लिए रिसर्चर की भूमिका अदा कर सकते हैं। युवा चाहें, तो डिजाइनिंग का काम पार्ट–टाइम कर सकते हैं। आप अपना खुद का बुटीक भी खोल सकते हैं। ई–कॉमर्स कंपनियों में भी क्रिएटिव लोगों को हायर किया जाता है। आप चाहें, तो ई–कॉमर्स कंपनियों के लिए वेंडर भी बन सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

टेक्सटाइल डिजाइनिंग में डिग्री, डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के रूप में कई कोर्स आजकल संचालित हो रहे हैं। ये कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद आप पीजी डिप्लोमा भी कर सकते हैं। अगर चाहें, तो टेक्सटाइल इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक कोर्स भी कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली



# काम आएगी अखबार पढ़ने की आदत

**अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंगरेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटन टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है। इसलिए बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को नियमित रूप से अखबार, मैग्जीन, वेब जर्नल, ब्लॉग आदि पढ़ने की आदत डालनी चाहिए ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली घटनाओं से अवगत रहें। अंग्रेजी अखबार, मैग्जीन आदि पढ़ने से इंग्लिश लैंग्वेज वाले सेक्शन में भी मदद मिलती है। जानते हैं फायदे नियमित अखबार पढ़ने के...।**

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

## सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी–अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/पैसिव वॉइस, वर्ब्स, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो–अप लेते रहें।

सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

## इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पसर्नल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह–जुबानी याद होगी।

### बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल–दर–साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं स्मृति ईरानी: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा अमेठी से पहले और भी लोगों ने चुनाव लड़ा है जो गांधी परिवार के बहुत ही करीब रहे... भाजपा को क्या पड़ी है कि कौन कहां से चुनाव लड़े? मुझे स्मृति ईरानी पर बहुत दया आती है कि वे राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं। ये बहुत ही सोच समझकर लिया हुआ निर्णय है... के.एल. शर्मा बहुत ही जमीनी कार्यकर्ता हैं... कांग्रेस पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता इस बार स्मृति ईरानी को परास्त करेगा। आपको बता दे की कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब यूपी की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि उनकी परंपरागत सीट अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। फिलहाल प्रियंका गांधी चुनाव मैदान से बाहर दिख रही हैं। इससे पहले उन्हें रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

### अब 400 पार की? बात नहीं कर रही भाजपा, दो चरणों के मतदान के बाद क्यों डर रहे हैं मोदी- कांग्रेस

**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस कमेटी के सदस्य गुरदीप सप्पल ने आज पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार डरी हुई सरकार है यह सरकार जल्द ही जाने वाली है। मोदी जी जो खुद डरे है, कांग्रेस को उल्टा सलाह दे रहे है कि डरो मत। अब मोदी जी की अबकी बार 400 पार बोल कर दिखाने की हिम्मत नही हो रही। उन्होंने कहा कि मोदी इस बात का जवाब दे कि कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव से क्यों भाग खड़ी हुई। तीन सीटें है कश्मीर में, लेकिन बीजेपी एक भी सीट पर चुनाव लडने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। उन्होंने कहा ये वो कश्मीर है जिस कश्मीर पॉलिसी को लेकर मोदी अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते है। उन्होंने आगे कहा पीएम मोदी डरिये मत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। आप जाइए वहां से चुनाव लड़िए आप चार सौ पार की बात करते है फिर क्यों कश्मीर की तीन सीटों को जाने दे रहे हैं। मोदी सरकार में महंगाई लोगों को चुभ रही है। पढ़ाई, दवाई, रोजमर्रा की जरूरतों को पूरी करने के लिए लोग अपनी बचत का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा मोदी जी मंगलसूत्र की बात करते है पिछले पांच वर्षों में गोल्ड लोन लगभग पांच प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने देश को इस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां महिलाएं अपने जेवर, मंगलसूत्र गिरवी रखकर अपने घर,बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठा रही हैं। गुरदीप सप्पल ने कहा अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम सबसे पहले महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देंगे। ताकि महिलाएं अपनी बचत काट कर अपनी जरूरतों को पूरा ना करना पड़े। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने जो मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए उनको भी महिलाएं छुड़ाकर वापस ले आएं। महिलाओं की बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार महिलाओं को साल में एक लाख रुपए महीने के लगभग साढ़े आठ हजार रुपए हर साल देगी।

### शहरी वोटरों से परेशान हो गया चुनाव आयोग, पहले से भी कम हो गया इस बार का मतदान

**बेंगलुरु , एजेंसी।** लोकसभा के लिए बीते दो चरणों में कम मतदान चिंता का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग ने भी इसपर निराशा जताई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के वोटर मतदान के प्रति ज्यादा ही उदासीन हैं। बता दें कि 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 4 फीसदी और दूसरे चरण में तीन फीसदी की कमी देखी गई है। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और 66.14 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहीं दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 फीसदी वोट पड़े थे। पहले दो चरणों में शहरी सीटों पर मतदान में खासी कमी देखी गई है। लंबे समय से चुनाव आयोग प्रयास करता है कि शहरी सीटों वर वोटिंग बढ़े लेकिन इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। उलटे इस बार वोटिंग पर्सेंट घट गया है। गाजियाबाद में इस बार 6 फीसदी कम यानी केवल 49.88 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई जो कि 2019 में 55.88 फीसदी थी।

# वीआईपी बंदियों वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल की सुरक्षा में फिर सेंध, 4 साल में 6 कैदियों की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एशिया की सबसे सुरक्षित जेल कहलाने वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लग गई है। जेल नंबर-3 में शुक्रवार को दो कैदियों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान अफगान मूल के नागरिक ने विचाराधीन कैदी को चाकू से गोद डाला।

सूचना पर पहुंची पुलिस 29 वर्षीय घायल दीपक को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच के लिए स्थानीय मजिस्ट्रेट को सूचना दी। मजिस्ट्रेट ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि मृतक 29 वर्षीय दीपक अपने परिवार के साथ शकूरपुर में रहता था। दीपक को पश्चिम विहार थाना पुलिस ने 2018 में लूट और हत्या के केस में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दीपक की हत्या करने वाला




44 वर्षीय अब्दुल बशीर अखोंदजादा ई-104, लाजपत नगर में रहता है। अब्दुल मूल रूप से अफगानिस्तान का रहने वाला है। अब्दुल को लाजपत नगर थाना पुलिस ने मार्च 2019 में आईपीसी की धारा 307 के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था। अब्दुल और दीपक को जेल नंबर-3 में रखा गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब्दुल और दीपक के बीच शुक्रवार सुबह ही खाना खाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उस समय जेल नंबर-3 में मौजूद अन्य कैदियों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग कर दिया, जिसके बाद दोनों सेल में चले गए। दोपहर करीब 12.30 बजे अब्दुल ने दीपक पर हमला कर दिया। अब्दुल ने स्टील के बर्तन को नुकीला कर चाकू बनाया हुआ था, इसी चाकू से उसने दीपक के सीने पर हमला किया। नुकीला हिस्सा उसके दिल के पास लगा, जिससे वह बेसुध हो गया।

तिहाड़ प्रशासन का कहना है कि विचाराधीन कैदी पर हमले की सूचना पर क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंच गई। क्यूआरटी टीम ने दीपक को मेडिकल सहायता दी और उसे डीडीयू अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तिहाड़ जेल में कैदी की मौत के बाद जेल में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

तिहाड़ जेल में इस समय कई वीआईपी कैदी बंद हैं। इसके बाद भी जेल में हत्या से सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। तिहाड़ की जेल नंबर दो में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित बीआरएस नेता के कविता, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बंद हैं। इसके चलते तिहाड़ में अतिरिक्त सुरक्षा बरती जा रही है। जेल नंबर दो में चार क्यूआरटी टीम, तामिलनाडु पुलिस और तिहाड़ के सुरक्षाकर्मी हर समय मौजूद रहते हैं।

## रोहित वेमुला दलित नहीं था, तेलंगाना पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट की दाखिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र रोहित वेमुला की मौत मामले में एक स्थानीय कोर्ट के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रोहित वेमुला दलित नहीं था और उसने असली पहचान उजागर होने के डर से आत्महत्या की थी।



मामले की जांच करने वाली साइबराबाद पुलिस ने कोर्ट को बताया कि रोहित वेमुला अनुसूचित जाति का नहीं था और उसे इसकी जानकारी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतक को कई मुद्दे परेशान कर रहे थे, जिसकी वजह से वह आत्महत्या कर सकता था। बता दें कि रोहित वेमुला ने 2016 में आत्महत्या की थी। पुलिस ने कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में बताया कि रोहित वेमुला को पता था कि वह अनुसूचित जाति से नहीं है और उसकी मां ने उसे एससी प्रमाण पत्र दिलाया था। इसे लेकर डर रहा होगा, क्योंकि इसके उजागर होने से उसे अपनी शैक्षणिक डिग्रियां खोनी पड़ सकती हैं और अभियोजन का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद यह स्थापित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला कि आरोपियों के कार्यों ने मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया है। आरोपियों में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के तत्कालीन कुलपति अप्पा राव और हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी शामिल थे।



## डीडीए के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की लोहे की चारदीवारी करने से भड़के खरीदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-14 में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के फ्लैट खरीदारों ने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की लोहे की फेंसिंग से चारदीवारी करने का विरोध जताया है। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों का आरोप है कि डीडीए प्रशासन ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को खरीदने वाले लोगों को कॉमन पार्क व सामुदायिक हॉल से दूर करने के लिए यह कदम उठा रहा है। इससे पहले डीडीए के ब्रॉशर में फ्लैटों को बुक करते समय या पंजीकरण करते समय इसका कोई जिक्र नहीं किया गया था। द्वारका सेक्टर-14 में डीडीए का ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदने वाले दिवाकर सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार से डीडीए प्रशासन व प्राधिकरण के अधिकारियों की तरफ से बिना किसी सूचना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की चारदीवारी की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से गलत है। डीडीए की इस सोसाइटी में एलआईजी व एमआईजी फ्लैट भी मौजूद हैं। ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को खरीदने वाले लोगों को कॉमन पार्क व सामुदायिक हॉल परिसर में जाने से रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, जबकि इसका कोई अधिकारिक पत्र डीडीए ने ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों को जारी नहीं किया है।

### 3 हजार से अधिक लोगों पर पड़ेगा असर

ईडब्ल्यूएस फ्लैट बुक करने वाले दीपक शर्मा ने बताया कि द्वारका सेक्टर-14 के पॉकेट-5 में डीडीए की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के तहत दिसंबर तक फ्लैट को बुक करा दिया था। यहां पर स्थित डीडीए की सोसाइटी में कुल 1008 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को लोगों ने खरीदा है। इन सभी को फ्लैटों के खरीदारी करने व अन्य दस्तावेज (पोजेशन लेटर) मार्च तक प्राप्त हो चुके हैं। अब डीडीए ने बीते सप्ताह से ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आसपास लोहे की फेंसिंग लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में डीडीए के स्थानीय चीफ इंजीनियर को भी पत्र लिखा है। इस पर तुरंत उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। 3 मई यानी शुक्रवार को भी डीडीए प्रशासन के अधिकारी ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आसपास फेंसिंग करने के लिए पहुंचे हैं। यह कदम पूरी तरह से गलत है। इसका डीडीए प्रशासन की तरफ से कोई अधिकारिक सूचना पत्र ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारी को जारी नहीं किया गया है। इससे 3 हजार से अधिक ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदने वालों पर असर पड़ेगा। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदार रंजीत कुमार ने कहा कि इस मामले को लेकर डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों के लिए यह कदम उचित नहीं है। इस संबंध में डीडीए से कार्रवाई को तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए कह रहे हैं। इस संबंध में डीडीए प्रशासन से कई सवाल लोग सोसाइटी में आ रहे अधिकारियों से कर रहे हैं।

## दादा-दादी 70 साल की उम्र में पीयेंगे पोलियो ड्रॉप, हज पर जाने से पहले टीके भी लगेंगे

**हल्दवानी, एजेंसी।** दो बूंद जिंदगी की। ये स्लोगन सुनते ही एक मासूम से बच्चे की पोलियो ड्रॉप पीती तस्वीर जहन में आती है, लेकिन हल्द्वानी में हज जाने से पहले 70 साल के दादा-दादी को भी ये ड्रॉप पिलाई जाएगी। 12 मई को ड्रॉप पिलाने के साथ ही टीके भी लगाए जाने हैं।

दरअसल, सऊदी अरब ने हज यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए इस प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। बड़े सामूहिक समारोह में पोलियो फैलने के खतरे से बचने के लिए सऊदी अरब ये सख्ती करता है। हर साल, दुनिया भर से लाखों मुसलमान हज के लिए मक्का में एकत्र होते हैं। सभी वयस्क, सक्षम मुसलमान जीवन में कम से कम एक बार हज करना चाहते हैं। हज यात्रा एक कठिन यात्रा है। इसके लिए गर्म मौसम में लंबा सफर यात्रियों को तय करना पड़ता है। इसलिए इस यात्रा पर शारीरिक रूप से अनफिट और पहले से मौजूद चिकित्सा संबंधी समस्याओं वाले लोगों को अनुमति नहीं मिलती।

## सावधान! कतई सुरक्षित नहीं आपके घर आ रहा दूध, दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दूध रोजाना की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाली काफी महत्वपूर्ण चीज है। सुबह की चाय से लेकर रात तक इसका इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि जिस दूध का आप सेवन कर रहे हैं वो कितना सुरक्षित है? हम यह सवाल इसलिए पूछ रहे हैं क्योंकि इसी मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल हुई है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जो दूध दिल्ली में सप्लाई हो रहा है उसमें ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह वही दवा है जो केंद्र सरकार 2018 में बैन कर चुकी है। तब सरकार की ओर से दावा किया गया था कि दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए मवेशियों पर इसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे ना केवल मवेशियों बल्कि दूध का सेवन करने वाले लोगों पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है।

केंद्र सरकार ने अप्रैल 2018 में इस दवा पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया था कि पैदावार



बढ़ाने के लिए दुधारू मवेशियों पर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे न केवल मवेशियों के स्वास्थ्य पर बल्कि दूध का सेवन करने वाले मनुष्यों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने अधिकारियों को राजधानी में गाय-भैंस रखने वाली डेरियों में ऑक्सीटॉसिन के गलत उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि हार्मोन संबंधित दवा देना पशु क्रूरता और एक अपराध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग से साप्ताहिक निरीक्षण करने और मामला दर्ज करने को कहा। पुलिस इसकी जांच करेगी। अदालत ने दिल्ली पुलिस के खुफिया विभाग से ऑक्सीटॉसिन उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को कहा। साथ ही इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने को कहा। अदालत ने यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में डेरियों की स्थिति से संबंधित सुनयना सिब्बल और अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस अरोड़ा भी शामिल थे। पीठ ने अदालत कमिशनर द्वारा उठायी गयी इस बात को भी दर्ज किया कि ऑक्सीटोसिन का अंधाधुंध प्रयोग मवेशियों से अधिक दूध प्राप्त कर दूध का उत्पादन करने के उद्देश्य से किया जा रह है। अदालत ने कहा, ''चूंकि ऑक्सीटोसिन को देना पशु क्रूरता है और यह पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 के तहत एक संज्ञेय अपराध है, परिणामस्वरूप यह अदालत औषध नियंत्रण विभाग जीएसीटीडी को निर्देश देता है कि साप्ताहिक निरीक्षण करवाये जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑक्सीटोसिन के गलत उपयोग या इसे रखने के सभी मामलों को पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 एवं दवा एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धार 18(ए) के तहत दर्ज किया जाए।''

## अशोक गहलोत के इंग्लिश मीडियम स्कूल बंद होंगे?

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में चल रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में बदलने की तैयारी चल रही है। शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर अधिकारियों से इंग्लिश मीडियम स्कूल के मौजूदा हालात, टीचर्स की संख्या, स्टूडेंट की संख्या के साथ ही उसे फिर से हिंदी मीडियम में शुरू करने की सिफारिश मांगी है। इसके आधार पर फैसला कर शिक्षा विभाग इंग्लिश मीडियम स्कूल को फिर से हिंदी मीडियम में बदलेगा। राजस्थान में भाजपा सरकार दो हज़ार से अधिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को हिंदी माध्यम में कन्वर्ट करने की तैयारी कर रही है. माना जा रहा कि अगली केबिनेट बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है।

राजस्थान शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक़ इस संबंध में सैद्धांतिक सहमति बन गई है। शिक्षा विभाग की ओर से सभी संभाग और उपखण्ड स्तर से महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूलों के संचालन को लेकर पूरी रिपोर्ट माँगी गई है। शिक्षा विभाग के बाद वर्तमान में महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूल में मापदंड पूरे नहीं किए जा रहे हैं। जबकि इन स्कूलों के पास में दूसरी अंग्रेज़ी स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में इन्हें हिंदी मीडियम स्कूल करने से शिक्षण व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि रिव्यू किया जा रहा है। पिछली गहलोत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या वर्तमान में 2070 के क़रीब है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और गहलोत सरकार में शिक्षा मंत्री रहे गोविंद सिंह डोटासरा के समय इस योजना को मूर्त रूप दिया गया था।

## दिल्ली पुलिस के एसआई से ठगी, भाई को यूएई की क्रिकेट टीम से मैच खिलाने के बहाने लगाया लाखों का चूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित एसआई का भाई क्रिकेट खेलता है और उसी में अपना भविष्य बनाना चाहता है। आरोपी ने यूएई (यूनाइटेड अरब अमीरात) की टीम से क्रिकेट खिलाने का वादा कर करीब पौने दो लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित एसआई ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।





पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर चेतन अपने परिवार के साथ द्वारका सेक्टर-16बी में रहते हैं। फिलहाल वह हरिनगर थाने में तैनात हैं। पुलिस को दी शिकायत में चेतन ने बताया कि सितंबर 2021 में वह परिवार के साथ द्वारका स्थित सागर रत्ना रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए गए थे, जहां वह अपने छोटे भाई सौरव से उसके क्रिकेट खेलने और भविष्य लेकर बातचीत करने लगे। कुछ देर बाद चेतन के पास अनुज मल्होत्रा नाम एक शख्स आया और खुद को आईसीसी पैनल का एम्पायर बताया। उसने कहा कि वह यूएई के लिए एम्पायरिंग करता है। चेतन के अनुसार, आरोपी ने उससे कहा कि भारत में बहुत प्रतियोगिता हैं और यहां रणजी मैच के लिए बहुत पैसा देना पड़ता है। वहीं, यूएई में बहुत टूर्नामेंट होते हैं, जिन्हें खेलने के लिए खुद शेख आते हैं। अगर उनका भाई अच्छा खेला तो यूएई की राष्ट्रीय टीम में उसका चयन हो जाएगा। इसके बाद वह वहां मैच खेल सकेगा।

पीड़ित उसके झांसे में आ गए और उन्होंने अपने भाई को यूएई में क्रिकेट मैच खिलाने के लिए बात कर ली। इस पर आरोपी ने उनसे एक लाख रुपये एडवांस देने के लिए कहा। आरोपी ने पीड़ित से वीजा, टिकट और रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक लाख 88 हजार रुपये ले लिए।

# राजधानी में अवैध होटलों-गेस्ट हाउस पर कसेगा शिकंजा, दिल्ली पुलिस कर रही तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में चल रहे अवैध होटलों और गेस्ट हाउस पर शिकंजा कसने की बड़े स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी होटल और गेस्ट हाउस को अपने प्लैटफॉर्म पर जोड़ने से पहले उसका लाइसेंस अवश्य देखें। उनके साथ जुड़े हुए अवैध होटलों की जानकारी पुलिस के साथ भी शेयर करें।

दिल्ली पुलिस के लाइसेंस विभाग ने बीते दिनों ओयो, मेक माई ट्रिप सहित होटल बुकिंग के विभिन्न ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें संयुक्त आयुक्त की तरफ से बताया गया कि दिल्ली में अवैध होटल कानून व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा हो सकते हैं। इस तरह के होटल में कोई आतंकी या आपराधिक शख्स ठहर सकता है। फिलहाल बड़ी संख्या में लोग होटल बुक करने के लिए ऑनलाइन



प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए अपराध के लिए होटलों के इस्तेमाल को रोकना उनकी भी जिम्मेदारी है। पुलिस ने ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों को बताया गया है कि बड़ी संख्या में बिना लाइसेंस के होटल चल रहे हैं। ऐसे होटल ऑनलाइन प्लैटफॉर्म से भी जुड़े हैं। दिल्ली में होटल चलाने के आवेदनों में बीते एक वर्ष में काफी बढ़ोतरी हुई है। उपराज्यपाल के निर्देश पर लाइसेंस लेने की प्रक्रिया बेहद सरल हो गई है, लेकिन इसके बावजूद काफी होटल बिना लाइसेंस चल रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की तरफ से बताया गया कि लाइसेंस से होटल के सुरक्षित होने की पुष्टि होती है। होटल निगम और पुलिस से लाइसेंस लेते हैं, जबकि दमकल विभाग से एनओसी लेनी होती है। लाइसेंस देने से पहले पुलिस यह सुनिश्चित करती है कि होटल ग्राहकों के लिए सुरक्षित हो। होटल के भीतर सुरक्षा के उचित प्रबंध और आग से बचाव के उपाय हों। ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के अधिकारियों को बताया गया कि दिल्ली में लाइसेंस लेना बेहद आसान है। 49 दिन से ज्यादा आवेदन को लंबित नहीं रखा जा सकता है। बैठक में पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन प्लैटफॉर्म से होने वाली बुकिंग भी आईटी एक्ट के दायरे में आती है। अगर ऑनलाइन बुकिंग करने वाला शख्स किसी आतंकी घटना या बड़े अपराध को अंजाम देता है तो इसकी जिम्मेदारी बुकिंग करने वाले प्लेटफॉर्म की भी होगी।

## 19 साल बाद संजय निरुपम की हुई घर वापसी, कांग्रेस छोड़ शिवसेना में शामिल पूर्व सांसद

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना से राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले संजय निरुपम की 19 साल के बाद फिर से 'घर वापसी' हो गई। कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था।

निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। निरुपम अविभाजित शिव सेना के हिंदी मुखपत्र दोपहर का सामना के संपादक रह चुके हैं। निरुपम 2005 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया था। वह 2009 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता राम नाइक को मामूली अंतर से हराकर सांसद निर्वाचित हुए। कांग्रेस में 19 साल तक रहने के दौरान उन्होंने कई पदों पर काम किया जिनमें से मुंबई इकाई के प्रमुख पद की जिम्मेदारी भी शामिल थी।

कांग्रेस ने पिछले महीने ''अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी गतिविधियों'' के चलते छह साल के लिए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। निष्कासन से कुछ दिन पहले ही निरुपम ने मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर फैसला करने के लिए पार्टी को ''एक सप्ताह का अल्टीमेटम'' दिया था।

# बृजेश, आर्यन समेत 7 भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया

**अस्ताना (कजाकिस्तान), एजेंसी।** बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ शुक्रवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।



भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 के ठोस स्कोर के साथ हराया। इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया। दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया। इस बीच, सुमित (67 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं।

बाद में शुक्रवार की रात, लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) और मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) 10 अन्य भारतीय युवा मुक्केबाजों के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे। गुरुवार रात ध्रुव सिंह (80 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) ने अंडर-22 वर्ग के अंतिम-चार चरण में अपनी जगह बना ली। शनिवार को ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) और मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) 17 अन्य मुक्केबाजों के साथ अंडर-22 सेमीफाइनल में भारत की कमान संभालेंगे।

मुस्कान (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को उनके संबंधित अंडर-22 सेमीफाइनल में बाई मिली है। यूथ और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः सोमवार और मंगलवार को खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

शरणार्थी ओलम्पिक

### शरणार्थी ओलम्पिक टीम पेरिस से भेजेगी अमन का संदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे।

अफगानिस्तान की पहली महिला ब्रेकडांसर, कैमरून में पैदा हुए एक ब्रिटिश बॉक्सिंग चैम्पियन और वेनेज़ुएला के एक अचूक निशानेबाज शरणार्थी ओलम्पिक टीम के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो जुलाई में होने वाले पेरिस खेलों में शिरकत करने वाले हैं। शरणार्थी ओलम्पिक टीम में कुल 36 खिलाड़ी होंगे, जिनके नामों की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लौसाने में एक समारोह के दौरान की। ये 36 खिलाड़ी 11 देशों से होंगे और 12 खेलों में शिरकत करेंगे।

समिति के अध्यक्ष थॉमस बैश ने कहा कि आप इन खेलों में शिरकत करके लचीलेपन और उत्कृष्टता में इंसान की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इससे दुनिया भर में विस्थापित लगभग 10 करोड़ लोगों को आशा एक संदेश जाएगा। इसके साथ ही आप दुनिया भर में अरबों लोगों को शरणार्थी संकट की विशालता के स्तर के बारे में जागरूक बनाएंगे।

इस शरणार्थी टीम की संरचना को ओलम्पिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने मंजूरी दी है, जिसके लिए एक चयन प्रक्रिया का सहारा लिया गया।

पाकिस्तानी टीम के अंदर कुछ तनाव था

### आर्मी कैंप खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए था: राशिद लतीफ़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ सीनियर पुरुष टीम को सेना शिविर में प्रशिक्षण के लिए भेजने के पीछे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच के समर्थन में सामने आए हैं। पीसीबी ने ञ्च20 विश्व कप 2024 से पहले पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया था। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने काकुल में आर्मी स्कूल ऑफ फिजिकल ट्रेनिंग में प्रशिक्षण लिया।

2023 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान टीम के फिटनेस मानकों के बारे में पीसीबी में शिकायतें उठाए जाने के बाद पाकिस्तान टीम को कठिन प्रशिक्षण सत्र से गुजरना पड़ा। इसे नेटिज़न्स से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लोगों ने इसका मज़ाक उड़ाया। हालांकि राशिद लतीफ ने पीसीबी के इस कदम की सराहना की।

पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने बातचीत में कहा कि देखिए टीम की हालत बहुत अच्छी नहीं लग रही थीज्टीम के अंदर थोड़ा तनाव दिख रहा था, उन्हें सेना के एक प्रशिक्षण शिविर में एक साथ रहने का मौका मिला। लाहौर या कराची में कोई कैंप होता तो सब मोबाइल पर रहते. जब दिन खत्म हो जाता था, तो वे अपने कमरे में चले जाते थे, अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे और सुबह फिर आ जाते थे।

अब कोई मोबाइल फोन नहीं था, कोई ध्यान भटकाने वाला नहीं था और सभी को सेना के प्रशिक्षण में एक साथ रहना पड़ता था, जिससे खिलाड़ियों के बीच संबंध बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि क्रिकेट-विशिष्ट प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

आईपीएल 2024

# मुंबई प्लेऑफ रेस से बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में 51 मैच खत्म हो चुके हैं। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराया। इसी के साथ मुंबई 17वें सीजन के प्लेऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी, टीम 9वें नंबर पर है। वहीं कोलकाता ने दूसरे नंबर पर अपनी सिचुएशन स्ट्रॉन्ग कर ली। शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाए। मुंबई 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



## हार्दिक ने की बुमराह के साथ की बदसलूकी



**मुंबई, एजेंसी।** हार्दिक पंड्या आए दिन अपने व्यवहार की वजह से चर्चा में रहते हैं। आईपीएल 2024 की शुरुआत में रोहित शर्मा की फील्ड प्लेसमेंट वह लगातार बदल रहे थे। रोहित को लगातार यहां से वहां भागना पड़ता था। पिछले सीजन में गुजरात टाइंटस की कप्तानी के दौरान हार्दिक ने कैच छोड़ने पर मोहम्मद शमी को बुरा भला कहा था। माहौल इतना गर्म हो गया था कि फ्रेंचाइजी मालिकों को बीच में आना पड़ा था। वह जसप्रीत बुमराह पर हार्दिक पंड्या ने चिल्ला दिया है।

### बुमराह पर चिल्लाने लगे हार्दिक

हार्दिक पंड्या कप्तानी मिलने के बाद से अलग ही टशन में हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान वह मुंबई इंडियंस के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर चिल्लाने लगे। हार्दिक उस समय बॉलिंग कर रहे थे। सर्कल में फील्डिंग कर रहे बुमराह को हार्दिक ने पीछे जाने को कहा। बुमराह जा ही रहे थे कि हार्दिक ने जल्दी जाने के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया।

### बुमराह के चेहरे पर दिखी निराशा

जब हार्दिक पंड्या ने जसप्रीत बुमराह पर चिल्लाया तो उनका चेहरा देखने लायक था। बुमराह पूरी तरह निराश दिख रहे थे। बुमराह मुस्कुराते हुए दूसरी तरफ देखने लगे। यह घटना कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 17वें ओवर में हुई थी। उस ओवर में हार्दिक पंड्या की जमकर धुनाई भी हुई। उन्हें छक्के पड़े। चार ओवर के स्पेल में 44 रन पड़े और दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### मुंबई की लगातार चौथी हार

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में लगातार चौथा मैच हार गई है। हार्दिक की टीम ने लगातार 3 हार के साथ लीग की शुरुआत भी की थी। केकेआर के खिलाफ मैच में हार्दिक की कप्तानी पर भी सवाल उठे। 57 रन पर 5 विकेट गिरने के बाद भी उन्होंने जसप्रीत बुमराह को बॉलिंग नहीं दी। बुमराह के 3 ओवर बचे थे। वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे को सेट होने का मौका मिल गया। इससे केकेआर की टीम मुश्किल विकेट पर 169 रन बनाने में सफल रही।

## 35 साल के पीयूष ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 51वें मैच में भले ही मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन ये टीम उनकी टीम के एक गेंदबाज के लिए काफी खास रहा।

ये खिलाड़ी आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला दूसरा गेंदबाज बन गया है। इस गेंदबाज ने ड्वेन ब्रावो को सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में पछाड़ दिया है।

### 35 साल के खिलाड़ी ने रचा इतिहास

मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले पीयूष चावला आईपीएल के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया है। पीयूष चावला ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में रिंकू सिंह के रूप में अपना एकमात्र विकेट हासिल किया। इसी के साथ उन्होंने आईपीएल में 184 विकेट पूरे कर लिए। वह अब सिर्फ युजवेंद्र चहल से पीछे हैं। युजवेंद्र चहल 200 विकेट के साथ इस लिस्ट में सबसे आगे हैं।

### टॉप-5 में नारायण की भी हुई एंट्री

कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज सुनील नारायण भी सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में पांचवें नंबर पर आ गए हैं। सुनील नारायण ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में 2 विकेट अपने नाम किए।

इसी के साथ आईपीएल में उनके 176 विकेट हो गए हैं। उन्होंने अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा है। अमित मिश्रा के नाम आईपीएल में 174 विकेट दर्ज हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

युजवेंद्र चहल - 200 विकेट
पीयूष चावला - 184 विकेट
ड्वेन ब्रावो - 183 विकेट
भुवनेश्वर कुमार - 178 विकेट
सुनील नारायण - 176 विकेट

## मैं एक स्मार्ट क्रिकेटर बनने की कोशिश करता हूं : वेंकटेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता ने जब पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए थे तो उनके एक छोर संभालकर वेंकटेश अय्यर ने 70 रन बनाए और टीम को 169 रन तक पहुंचा दिया। यह स्कोर मुंबई हासिल नहीं कर पाई और 145 रन ऑल आऊट होने के साथ ही उन्होंने 24 रन से यह मुकाबला गंवा दिया। अपनी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने वेंकटेश अय्यर ने कहा कि एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में, मुझे स्थिति के मामले में लचीला होना होगा। जब मैंने गेंद को अच्छे से हिट करना शुरू किया तो 2 और विकेट गिर गए और मैंने सोचा कि मुझे एंकर की भूमिका निभानी होगी। यह चौथी या 5वीं बार है जब मनीष ने पैड अप किया है। इस बार उन्हें बैटिंग करने का मौका मिला। रसेल और रमनदीप को ऊपर भेजने से बेहतर है कि मनीष को रखा जाए जो एंकर की भूमिका निभा सके। विकेट पर बात करते हुए वेंकटेश ने कहा कि गेंद पकड़ में थी और यह दो गति वाला विकेट था।

सिंधू से तीसरे मेडल की उम्मीद

## भारत के 7 बैडमिंटन खिलाड़ियों को ओलिंपिक टिकट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु, पूर्व वर्ल्ड नंबर वन एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सिंगल्स इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की की है। वहीं मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी और विमेंस डबल्स में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।



### ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइंग के लिए क्या नियम थे

ओलिंपिक में बैडमिंटन के टॉप 16 खिलाड़ी भाग लेते हैं। साथ ही एक देश से एक इवेंट में दो खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 30 अप्रैल तक की रैंकिंग को निर्धारित किया गया था। इसके के आधार पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों की क्या रही रैंकिंग

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक की सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पीवी सिंधू 30 अप्रैल को जारी रैंकिंग में 14वें स्थान पर थी। हालांकि चीन की चार खिलाड़ी उनसे ऊपर रैंकिंग में थी और ओलिंपिक में एक देश से 2 खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं, ऐसे में सिंधू की रैंकिंग 12 हो गई। जबकि पुरुष सिंगल्स में प्रणय 9 वें और और लक्ष्य 13वें स्थान पर रहे। जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। वहीं विमेंस डबल्स की जारी रैंकिंग में तनीषा और अश्विनि पोनप्पा की रैंकिंग 21वीं थीं।

## टीम इंडिया को तगड़ा झटका... टेस्ट में गंवाया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है. शुक्रवार को जारी सालाना रैंकिंग अपडेट में भारत ने वनडे और टी20 फॉर्मेट में पहला स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट रैंकिंग में वह दूसरे पायदान पर खिसक गई. सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिए गए हैं.



नई रैंकिंग में मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी सीरीज शामिल हैं. भारत मुख्यत~ 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के नतीजे हटाए जाने से टेस्ट में दूसरे स्थान पर खिसका. अब टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पछाड़ टॉप पर आ गई है. देखा जाए तो भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है. साउथ अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है. अब केवल 9 टीम ही टेस्ट रैंकिंग में शामिल हैं क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड रैंकिंग में शामिल होने के लिए जरूरी टेस्ट नहीं खेलते हैं, जबकि जिम्बब्वे ने पिछले तीन सालों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं.

किसी टीम को रैंकिंग लिस्ट में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं. हालांकि सालाना अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20 रैंकिंग में टॉप पर कायम है. इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के सौ फीसदी अंक शामिल हैं. भारत भले ही ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो, लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है. भारत के 122 अंक हैं.

टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है. तीसरे स्थान पर काबिज साउथ ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर कम किया है, जो 8 से अब 4 अंक का रह गया है. टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, लेकिन 264 रेटिंग अंक हासिल करने वाली भारतीय टीम से 7 अंक पीछे है. साउथ अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से दो अंक पीछे चौथे स्थान पर है. न्यूजीलैंड के भी साउथ अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन दशमलव की गणना में उससे पीछे है. वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### एक साल देर से एडमिशन, 9 माह बाद भी नहीं भराया परीक्षा फॉर्म

**जमशेदपुर , एजेंसी ।** कोल्हान विश्वविद्यालय की लेटलतीफी का खामियाजा एलएलबी के सत्र 2022-25 के फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स भुगत रहे हैं । नामांकन के नौ महीने बाद भी विवि ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित नहीं की है । एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार अभी तक इस सत्र के पहले सेमेस्टर की परीक्षा हो जानी चाहिए थी । हैरान करने वाली बता यह है कि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में सत्र 2022-25 के विद्यार्थियों का नामांकन एक साल विलंब से 2023 में हुआ और उनकी कक्षा 5 सितंबर 2023 से शुरू हुई ।ऐसे में यह सत्र डेढ़ साल लेट हो चुका है । ऐसे में स्टूडेंट्स परेशान हैं । उनका कहना है- उन्होंने विश्वविद्यालय से परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित करने की मांग की थी । लेकिन अभी तक विवि ने उनकी मांग नहीं सुनी है । इससे पहले विवि के परीक्षा विभाग ने सत्र 2021-24 के तीसरे सेमेस्टर और 2020-23 के छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम भी जारी नहीं किया है ।

### चिकन पॉक्स पीड़ितों का सैंपल भेजा गया जांच में

**जमशेदपुर, एजेंसी ।** पटमदा प्रखंड के बांदाडीह और गोपालपुर गांव में चिकन पॉक्स फैलने के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम दोनों गांवों में कैंप कर आक्रांतों का इलाज किया । बांदाडीह में 9 और गोपालपुर में 5 लोग चिकन पॉक्स से पीड़ित पाए गए हैं । पटमदा सीएचसी के डॉ. प्रशांत रंजन के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने आक्रांतों का इलाज कर उन्हें दवा दी । साथ ही होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी । उधर, जिला मुख्यालय से सर्विलांस विभाग की टीम भी दोनों गांव पहुंचे और 6 आक्रांतों का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया । डॉ. असद ने बताया कि ब्लड सैंपल को जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज का लैब भेजा जाएगा ।

### करीम सिटी कॉलेज में मजदूर दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

**जमशेदपुर, एजेंसी ।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर हिंदी विभाग, करीम सिटी कॉलेज के तत्वाधान में एक संगोष्ठी आयोजित हुई जिसका शीर्षक था- फ्रहिंदी कहानी में श्रमजीवनफ्र । संगोष्ठी की अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ एस सी गुप्ता ने की तथा हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ फिरोज आलम ने विषय प्रवेश कराते हुए श्रमजीवन की वास्तविकता का शाब्दिक चित्रण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जिस के तहत हिंदी में लिखी गई श्रमजीवन पर आधारित अनेकों कहानियों की चर्चा की । शिक्षक के अलावा छात्र-छात्राओं ने भी इस संगोष्ठी में अपने विचार रखे । हिंदी प्रतिष्ठा के जिन छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखें उनमें राहुल मंडल, प्रतिभा त्रिपाठी, निशा भट्टाचार्य तथा खुशबू कुमारी के नाम प्रमुख हैं ।अंत में डॉ गुप्ता ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया । उन्होंने प्रेमचंद से लेकर समकालीन कहानीकारों की चर्चा करते हुए श्रमजीवन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों तथा चुनौतियों को रेखांकित किया । इस संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी सवा सेर गेहूं तथा भीष्म साहनी की कहानी गंगा की जाया की चर्चा की ।अंत में प्रतिभा त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया ।

### बिजली और जलापूर्ति विभाग के कर्मियों को किया गया सम्मानित

**धनबाद/सिंदरी, एजेंसी ।** विपरीत परिस्थितियों में भी सिंदरी की हजारों की आबादी को पानी और बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले बिजली विभाग और जल विभाग के कर्मचारियों को जनता मजदूर संघ बच्चा गुट ने मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को सम्मानित किया । जमसं के रोहराबांध स्थित कार्यालय में आयोजित समारोह में जमसं सिंदरी शाखा के सचिव वेद प्रकाश ओझा ने कहा कि बिजली और जलापूर्ति विभाग के इन कर्मचारियों को मजदूर दिवस के अवसर पर प्रणाम करता हूं । जो अपने परिश्रम से सालों भर बिजली और पानी की आपूर्ति करते हैं ।बिजली विभाग के लोकेश बनर्जी, दीपक प्रमाणिक, सोहन दूबे, संत सिंह और जलापूर्ति विभाग के सपन मल्लिक डोमगढ़ और सपन मल्लिक सिंदरी बस्ती को माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया । मौके पर जमसं के पप्पू सिंह, संतोष सिंह, दीपक गिरी, अंशु सिंह मौजूद थे । एसीसी सीमेंट फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन के द्वारा एसीसी में मजदूर दिवस मनाया गया । यूनियन के महामंत्री जयराम सिंह यादव ने झंडा फहराया और एक मिनट का मौन रखकर शिकांगो के शहीदों को श्रद्धांजलि दी । मुकेश कुमार पांडेय, तारकेश्वर यादव, अनिल विश्वकर्मा मौजूद थे ।

### बायोम इंस्टीट्यूट के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 1500 छात्र शामिल

जमशेदपुर , एजेंसी । बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से गुरुनानक स्कूल सभागार ( रांची ) में ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2024 का आयोजन किया गया । इसमें विभिन्न 23 बैच के 1500 से अधिक विद्यार्थी व अभिभावक शामिल हुए । मुख्य रूप से फाउंडेशन बैच, फ्रेशर्स बैच और टारगेट बैच के स्टूडेंट्स शामिल हुए । कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे विद्यार्थी जो नीट-यूजी को लक्ष्य मानते हैं, को विषय विशेषज्ञों के जरिए मार्गदर्शन देना था । कार्यक्रम में बतौर अतिथि संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह, शिक्षक वेंकट और प्रिया शामिल रहीं । पंकज सिंह ने कहा- नीट यूजी को लक्ष्य मानते हैं तो परिश्रम से न भागें । विषय विशेषज्ञ शिक्षक प्रिया, संतोष, शशिकांत, चंदन, रोशन, नेहा और मनीष ने विद्यार्थियों को विषयों से रूबरू कराया । इस दौरान फ्रेशर्स बैच के सात विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । इनमें दिव्या कुमारी, सिद्धार्थ अग्रवाल, अभिषेक केसरी, राहुल कुमार मिश्रा, करण सिंह, राघव राज और शिव राज रूद्र शामिल रहे ।

### जेएमएम-कांग्रेस वाले अपने बच्चों के लिए काली कमाई छोड़कर जाएंगे,

# पलामू में पीएम मोदी का बड़ा हमला

**रांची, एजेंसी।** पीएम मोदी आज यानी शनिवार को भी झारखंड दौरे पर हैं और पलामू में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने एनडीए की सरकार बनाई।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। 500 साल से हमारी कितनी ही पीढियां संघर्ष करती रही, इंतजार करती रही, लाखों लोग शहीद हुए, 500 साल लंबा संघर्ष चला। शायद इतिहास में इतना लंबा संघर्ष कहीं नहीं हुआ, जो अयोध्या में हुआ। 500 साल में जो काम नहीं हुआ, आपके एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ और आज अयोध्या में राम मंदिर बन गया। आपके एक वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर में धारा 370 की



दीवार को जमीन में गाड़ दिया गया।

हमारे झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश में, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैला कर यहां की धरती को लहूलुहान कर देता था। आपके एक वोट ने कितनी ही माताओं की आस पूरी की और इस धरती को नक्सलवादी आतंकवाद से मुक्ति दिला दी।

एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जाकर रोती थी, लेकिन आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया भर में जाकर रो रहा है।आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं, लेकिन मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। पूरा हिंदुस्तान कह रहा है - मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार, मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार।

कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। निराश-हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं। एक कहावत है - जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई ! कांग्रेस के शहजादे की हालत वही है।आपके आशीर्वाद से सीएम और पीएम के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए मुझे अब 25 साल हो जाएंगे। इन 25 वर्षों में आपके आशीर्वाद से मोदी पर एक पैसे के घोटाले का भी आरोप नहीं लगा है। मैं आज भी पद, प्रतिष्ठा, सुख-समृद्धि से दूर आज भी वैसा ही हूं, जैसा आपने मुझे यहां भेजा था। मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है।उन्होंने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस के नेताओ ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ ये अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। ये उनके लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे

मोदी के 10 साल के सेवाकाल में 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसलिए वो आज भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं। इन गरीब भाई-बहनों के आशीर्वाद ही मेरी शक्ति और मेरी पूंजी है। मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं।

इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो।मोदी यहां रोजगार बढ़ाना चाहता है, आपके जीवन में खुशहाली लाना चाहता है, लेकिन कांग्रेस वालों की नजर आपकी जमीन जायदाद पर पड़ गई है। कांग्रेस-जेएमएम को और कुछ नजर ही नहीं आता है।मेरे आदिवासी, दलित और पिछड़े भाई-बहन लिख कर रख लें कि जब तक मोदी जिंदा है तब तक दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण में से रत्तीभर भी मैं धर्म के आधार पर उनके वोट बैंक को नहीं देने दूंगा।

## डॉ. जे शरण लैब हजारीबाग को मिली एनएबीएल की मान्यता

**रांची, एजेंसी।** देश की सर्वोच्च संस्था नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) ने डॉ. जे शरण पैथोलाजिकल लैबोरेट्री, हजारीबाग को मान्यता दी है। लैब के डायरेक्टर डॉ. नितीन शरण व डॉ. शिप्रा शरण ने बताया कि एनएबीएल मिलना हमारे द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण सेवा को प्रमाणित करता है।

लैब को सभी पैथोलाजिकल जांच के लिए मान्यता मिली है। हजारीबाग सदर अस्पताल के समीप अवस्थित डॉ. जे शरण पैथॉलाजी लैब के संबंध में डॉ. नितिन शरण ने बताया कि लैब में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिसमें एक सैंपल से 400 प्रकार के टेस्ट की सुविधा है। एनएबीएल मान्यता यह सुनिश्चित करती है कि प्रयोगशाला मानक प्रक्रियाओं का पालन करती है और कैलिब्रेटेड उपकरणों का उपयोग करती है। इस प्रकार यह सुनिश्चित करती है कि परिणाम सटीक और विश्वसनीय हैं। यह



बदले में, बीमारियों का बेहतर निदान, उपचार और प्रबंधन सुनिश्चित करता है। एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने वाला हजारीबाग का यह पहला लैब है। एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में अनुभवी और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं जो अपने क्षेत्र में जानकार हैं। वे सख्त प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों का पालन करते हैं, जो सुनिश्चित करता है कि परिणाम सटीक और सटीक हों। पैथोलॉजी लैब का संचालन गुंजन पोद्दार और हर्षवर्धन सिंह के द्वारा किया जा रहा है। इस पैथोलॉजी लैब में सभी प्रकार के जांच की रिपोर्ट 2-3 घंटे में उपलब्ध कराई जाती है।

## गिरिडीह लोकसभा सीट के इस प्रत्याशी को जारी हुआ नोटिस, 7 मई उपस्थित होने का दिया आदेश

**बोकारो, एजेंसी।** गिरिडीह लोकसभा की निर्वाची पदाधिकारी विजया जाधव ने जयराम महतो को नोटिस जारी कर सात मई को नामांकन पत्र की संविक्षा के दौरान सभी प्रस्तावकों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।





जारी नोटिस में कहा गया है कि जयराम कुमार महतो. पिता-कृष्ण प्रसाद महतो, पता- ग्राम मानटांड, चितरपुर, तोपचांची, जिला-धनबाद को सूचित किया जाता है कि आपने 1 मई को 06-गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष 3 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

नोटिस में यह भी लिखा गया है कि आपके द्वारा समर्पित नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित प्रस्तावक में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। जिसका सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

इस संबंध में आपको अवगत कराने हेतु 06-गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने आपके मोबाइल संख्या 7543097890 पर संपर्क किया गया पर आपके द्वारा फोन नहीं उठाया गया एवं आपसे किसी प्रकार का प्रति उत्तर भी प्राप्त नहीं हुआ।

सूचित किया जाता है कि यह नोटिस आपके नाम-निर्देशन पत्र में उल्लेखित पते पर एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है। सभी प्रस्तावकों के वैध कागजात के साथ सात मई को 11 बजे से 12.30 बजे तक उपस्थित हो।

एक मई को नामांकन के बाद नगड़ी थाने में दर्ज मामले को लेकर गिरफ्तार करने पहुंची रांची पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने सभा करने के बाद गिरफ्तारी देने की बात कहकर भीड़ में गायब हो गए थे।

## पीटी करते-करते बेहोश होकर गिरा, पांचवीं के छात्र की मौत; पिता ने कोविड वैक्सीन पर जताया शक

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के रामगढ़ के राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की सुबह पीटी के दौरान 12 वर्षीय छात्र आर्यन कुमार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। आर्यन स्कूल हॉस्टल में रहकर पांचवीं कक्षा में पढ़ रहा था। वह मांडू के बसंतपुर नीम टोला निवासी नेहरू कुमार गंझू का पुत्र था। मौत का कारण क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले में डीईओ नीलम शर्मा ने स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण पूछा है। साथ ही डीएसई संजीत कुमार के नेतृत्व में जांच टीम भी बनाई है। यह टीम शनिवार को स्कूल जाकर जांच करेगी।

इधर, मृत छात्र के पिता नेहरू गंझू ने बताया कि उनका बेटा सेहतमंद था। अचानक गिरने से उसकी मौत समझ में नहीं आ रही है। आर्यन को 2021 में कोरोना का टीका (कोविशील्ड) लगा था और वह बिल्कुल स्वस्थ था। रामगढ़ के



सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी ने बताया कि सदर अस्पताल में आर्यन के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है। विसरा सुरक्षित रखा गया है। रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दिन में दो बजे शव परिजनों को सौंप दिया।

**तीन अस्पताल ले गए शिक्षक, तब हुई मौत की पुष्टि**

राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन को गिरने के बाद उसे तीन अस्पताल ले जाया गया, तब जाकर उसकी मौत की पुष्टि हुई। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों की रोज सुबह गिनती होती है। इसके लिए छात्रों को ग्राउंड में जाना होता है। वहां वार्डन की मौजूदगी में टीचर द्वारा पीटी कराई जाती है।

छात्रावास के सभी बच्चे शुक्रवार को सुबह उठने के बाद ग्राउंड में गए। वहां गिनती के बाद पीटी कराई जाने लगी। इसी दौरान अचानक पांचवीं का छात्र 12 वर्षीय आर्यन कुमार बेहोश होकर गिर पड़ा। वार्डन समेत अन्य छात्र उसे हिलाने-डुलाने लगे। चेहरे पर पानी के छींटे मारने लगे, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। आनन-फानन में उसे झारखंड अस्पताल ले जाया गया। वहां आर्यन के शरीर में कोई हलचल न होती देख डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल में ले जाने को कहा।

स्कूल के टीचर वहां से आर्यन को होप अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने जांच की, पर आर्यन के शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं होती देख सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वहां से आर्यन को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, स्कूल प्रबंधन की ओर से घटना की जानकारी आर्यन के पिता मांडू के बसंतपुर नीम टोला निवासी नेहरू कुमार गंझू को दी गई।

## चमरा लिंडा बतायें 15 सालों में कितने दिन विधान सभा गये हैंगीता श्री

**कामडारा , एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्टार प्रचारक पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कामडारा प्रखंड के सरिता पंचायत, सालेगुटु पंचायत,कुलबुरु पंचायत,आर्या पंचायत में जनसंपर्क कर कांग्रेस के विचारधारा और कांग्रेस के गारंटी कार्ड का वितरण किया। इस दौरान गीताश्री उरांव ने ग्रामीण वोटरों को बताया कि भाजपा ने देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और इलेक्ट्रोल बॉन्ड के नाम पर देश को लूटने का काम किया। जिसका असर आज हमे देखने को मिल रहा है। आज भाजपा पैसा देकर चमरा लिंडा को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में खड़ा किया है, जो आदिवासियों के लिए सरना कोड की बाते कर रहे हैं ,लेकिन इनको बताने की आवश्यकता है की 15 सालों में कितने दिन विधानसभा गए हैं। जब सरना कोड के लिए विशेष सत्र बुलाई गई थी तब कहां थे। आज आदिवासियों को बरगालने का प्रयास किया जा रहा है । आदिवासी समाज को सतर्क रहने की जरूरत है । कांग्रेस ही सभी जाति धर्म को एकसाथ लेकर चलता है। कांग्रेस के गारंटी पर विश्वास करें ,जो युवाओं को,महिलाओं को,किसानों को,श्रमिको के लिए सही निर्णय लेते हुए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनसंपर्क अभियान में प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा,अजीत गुड़िया,सुनीता टेटे,मुमताज खान,प्रमोदीत आइंद,अजय साहू,फगुवा घोषाल,प्रेमप्रकाश सुरीन आदि शामिल थे।

## झारखंड के 10 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार, 5 जिलों में आज हीट वेव का अलर्ट; छह मई को बारिश की संभावना



**रांची , एजेंसी।** झारखंड इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। हालांकि, दो दिन पहले तापमान में हल्की गिरावट आई थी, लेकिन अब एक बार फिर तापमान बढ़ने लगा है। प्रदेश के 10 जिलों का तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने आज झारखंड के पांच जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। जिनमें सराइकेला- खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़ और गोड्डा शामिल है। इन जिलों में तापमान भी 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है।

पांच मई को भी राज्य में 11 जिलों में हीट वेव के आसार हैं, जिसे लेकर मौसम विभाग ने पहले ही सतर्क रहने की अपील की है। इनमें सरायकेला- खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, साहिबगंज. पाकुड़ और गोड्डा जैसे शहर शामिल हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि 6 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटा रह सकती है। तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई जिलों में मौसम शुष्क रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा में 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे में जिन इलाकों में तापमान में सबसे अधिक बढ़त दर्ज की गई, उनमें चाईबासा है।

यहां तापमान में 3.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की गई है, जिसके बाद चाईबासा का तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। डाल्टेनगंज के न्यूनतम तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिसके बाद डाल्टेनगंज का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राज्य के कई जिलों में तापमान में गिरावट के बाद के बाद एक बार फिर बढ़त दिखने लगी है। कल राज्य में सात जिले ऐसे थे जहां का पारा 40 के पार था आज 10 जिले ऐसे हैं जहां का तापमान 40 के आंकड़े को पार कर रहा है।

## उत्पाद विभाग की टीम ने गांडेडुंगरी और उकाम जंगल में छापेमारी की, 70 लीटर अवेध शराब बरामद



**गम्हरिया , एजेंसी।** लोकसभा के चौथे चरण के मतदान के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर बने मतदान केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान देना शुरू कर दिया है। सहायक निबंधक निर्वाचक पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि इससे बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह हैं। बताया गया कि गम्हरिया प्रखंड के सरायकेला एवं खरसावां दो विधानसभा क्षेत्र के 23 मतदाताओं में से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से 2 से 5 मई तक यह सुविधा प्रदान की गई है। बीएलओ घर-घर से फार्म प्राप्त किए जाने के बाद 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के डाक मतपत्र से घर पर मतदान करने की व्यवस्था में जुटे हैं। प्रखंड क्षेत्र में सरायकेला 51 विधानसभा के आदित्यपुर और गम्हरिया ग्रामीण के 21 एवं खरसावां 57 विधानसभा क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित किए गए। 2 मतदाताओं ने घर पर पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करेंगे।

बताया गया कि पोलिंग पार्टी ने वोटिंग कम्पार्टमेंट तैयार किया गया है। बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं को मुहर, बैलेट पेपर दिया गया । बुजुर्गो, दिव्यांगों बैलेट पेपर से पसंदीदा प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाएंगे। फिर उसे लिफाफे में बंद करके बैलेट वॉक्स में डाल दिया जाएगा। शुक्रवार को बुजुर्ग, दिव्यांगों ने चारपाई, कुर्सी पर बैठकर अपने मत का पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्रयोग किया। घर से मतदान करने की सुविधा मिलने पर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोलिंग पार्टी को धन्यवाद दिया है। सीडीपीओ साधना चौधरी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने का मौका दिया गया है। इसमें बीएलओ के तौर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं की अहम भूमिका है।गम्हरिया 7 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को गुप्त सूचना पर गम्हरिया थानांतर्गत गांडेडुंगरी और उकाम जंगल में चल रहे अवैध शराब भट्ठियों में छापेमारी की। इसमें गम्हरिया पुलिस ने भी सहयोग किया। इस दौरान टीम ने वहां चल रहे भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया एवं लगभग 8400 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया। टीम ने भट्ठियों से 70 लीटर चुलाई शराब बरामद किया है।

# सरकारी योजना को लेकर विवाद से बौखलाए बेटे ने पिता की कद दी हत्या

**रांची, एजेंसी।** झारखंड से पिता और बेटे के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है जहां एक बेटे ने सरकारी स्कीम के चलते अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच अबुआ आवास योजना को लेकर कोई विवाद हो गया था जिससे गुस्साए बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। अबुआ आवास योजना झारखंड सरकार की योजना है।

मामला पलामू जिले का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पलामू जिले में अबुआ आवास को लेकर हुए विवाद में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी।

**अबुआ आवास के तहत आवंटित हुआ था घर :** घटना गुरुवार रात की बताई जा



रही है। 60 वर्षीय मृतक की पहचान कृष्ण सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसे ही अबुआ आवास योजना के तहत एक घर आवंटित किया गया था। छतरपुर के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) नौशाद आलम ने कहा कि घटना गुरुवार रात नौडीहा बाजार पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत रताग गांव में हुई। इस दौरान छोटे बेटे ने पिस्तौल से गोली मारकर अपने पिता की हत्या कर दी। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार है।

कृष्ण सिंह की बेटी और दूसरे बेटे ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि गुरुवार को उनके पिता और भाई के बीच अबुआ आवास स्कीम को लेकर बहस हो गई। बाद में यह बहस इतनी बढ़ गई कि भाई ने उनके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने वाला मृत का छोटा बेटा बताया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि कृष्ण सिंह अपने बड़े बेटे की जमीन पर घर बनाना चाहता था लेकिन उसका छोटा बेटा इसके लिए सहमत नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।